आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹113360/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹138450/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹151131/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNaND Jewels
Pandri, Raipur

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026



## एक मरीज को खाट पर, दूसरे को ठेले पर लेकर आए परिजन

### गांव तक नहीं पहुंची एंबुलेंस, स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले का ऐसा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरिया

हरिभूमि सरोकार

स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिला कोरिया की ग्राम पंचायत बंजारीडांड अंतर्गत रोहिनथिहाई गांव पहुंचने के लिए सड़क नहीं होने कारण मरीज को खाट पर लिटाकर गांव के बाहर मुख्य मार्ग तक लाया गया।

इस दौरान परिजन एक किमी तक पैदल चले, इसके बाद मरीज को अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार रोहिनथिहाई गांव के एक ग्रामीण का पैर फ्रैक्चर हो गया। घायल व्यक्ति को तत्काल जिला अस्पताल ले जाना जरूरी था। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को कई बार कॉल किया, लेकिन गांव तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी। रोहिनथिहाई गांव तक केवल पगडंडी का रास्ता है, जहां किसी भी तरह का वाहन पहुंचना संभव नहीं है। तस्वीरों और वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दर्द से कराहता मरीज खाट पर पड़ा रहा और ग्रामीण उसे किसी तरह सड़क तक पहुंचाने में जुटे रहे। मजबूर होकर परिजनों और ग्रामीणों ने घायल मरीज को खाट पर लिटाया और कंधों पर उठाकर गांव से बाहर मुख्य सड़क तक ले गए। करीब एक किलोमीटर तक मरीज को पैदल खाट पर ले जाया गया।

इसके बाद निजी वाहन की व्यवस्था कर घायल को जिला अस्पताल बैकुंठपुर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। यह दृश्य स्वास्थ्य व्यवस्था की असल तस्वीर बयां करता है।

**बड़ा सवाल**

*सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्वास्थ्य मंत्री के अपने गृह जिले में मरीज को खाट पर ढोना पड़ रहा है, तो प्रदेश के दूर-दराज आदिवासी और ग्रामीण इलाकों की स्थिति क्या होगी? यह घटना न सिर्फ एंबुलेंस सेवा की पोल खोलती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को भी उजागर करती है।*

## बुजुर्ग महिला को ठेले में ले गए अस्पताल



जशपुर जिले का पुरानीटोली निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला का कल देर रात अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने के बाद एम्बुलेंस नही मिलने पर बुजुर्ग महिला को चाट की ठेले सुलाकर जिला अस्पताल लाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के जिला स्वास्थ्य अधिकारी का बयान सामने आया है। जिला चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि कल देर रात बुजुर्ग महिला को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या के बाद परिजनों ने एम्बुलेंस को काल किया गया था उनका कॉल नहीं लगने पर मरीज को ठेले पर अस्पताल पहुंचाया गया। रजनी होता उम्र 70 वर्ष पुरानी टोली का उपचार किया गया। फिलहाल अभी मरीज का स्वास्थ्य खतरे से बाहर है और डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है।

### खबर संक्षेप

**वापस आ चुके हैं 2,000 के 98.42 फीसदी नोट**



मुंबई। आरबीआई ने सोमवार को कहा कि 2,000 रुपए के बैंकनोट में से 98.42 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपए के नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। उस समय चलन में मौजूद 2,000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था, जो 31 जनवरी, 2026 तक घटकर 5,609 करोड़ रुपए रह गया। इस तरह 19 मई, 2023 के बाद से चलन में मौजूद 2,000रुपए के नोटों का 98.42 प्रतिशत वापस जमा हो चुका है।

**मोमो के बदले ले गए 85 लाख के गहने**

देवरिया। देवरिया जिले में तीन युवकों ने एक किशोर को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर मोमो खिलाने के बदले उससे 85 लाख रुपए मूल्य के जेवरात ले लिए। रामपुर कारखाना थाने में किशोर के पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाराणसी के एक मंदिर में पुजारी शिकायतकर्ता विमलेश मिश्रा ने आरोप लगाया कि देवरिया-कसया मार्ग के डुमरी चौराहा पर मोमो का ठेला लगाने वाले तीन युवक उनके परिवार के गहने लेकर फरार हो गए। मामला तब सामने आया जब किशोर की बहन ने अपने गहने मांगे। अलमारी खोलने पर देखा कि सभी गहने गायब थे।

**रेत में 1 करोड़ 31.5 लाख टन मोनाज़ाइट**



नई दिल्ली। कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, परमाणु ऊर्जा विभाग की एक इकाई, परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय ने समुद्र तट की रेत और कठोर चट्टानों में महत्वपूर्ण दुर्लभ धातु खनिज संसाधनों का अनुमान लगाया है, जिसके अंतर्गत आठ राज्यों के भंडारों में एक करोड़ 31.5 लाख टन मोनाज़ाइट की पहचान की गई है। मोनाज़ाइट एक लाल-भूरा, फॉस्फेट खनिज है, जो दुर्लभ-धातु तत्वों (आरईई) और थोरियम से भरपूर है।

**दुबई में फंसे 14 प्रवासी श्रमिक**

रांची। दुबई में कथित तौर पर वेतन न मिलने के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे झारखंड के विभिन्न जिलों के लगभग 14 प्रवासी श्रमिकों ने राज्य सरकार से उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपील की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम लीडर शिखा लाकरा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्हें गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के 14 प्रवासी श्रमिकों के बारे में जानकारी मिली है, जिन्होंने एक वीडियो भेजकर आरोप लगाया है कि निजी कंपनी ने उन्हें वेतन नहीं दिया है। उन्हें जबरन ओवरटाइम तक काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### राहुल के बयान पर संसद के भीतर और बाहर घमासान, सरकार ने सदन को गुमराह करने का लगाया आरोप

# राहुल ने कहा-चीन आ रहा था...तब कहां थी 56 इंच की छाती, राजनाथ बोले-सब काल्पनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में एक पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण के मसौदे के कुछ अंश का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार इस बात से डरी हुई है कि किताब की बातें सामने आईं तो देश को भाजपा के दोनों प्रमुख नेताओं की असलियत पता चल जाएगी और यह भी मालूम पड़ जाएगा कि चीन के सामने '56 इंच की छाती' का क्या हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि वह 'काल्पनिक बातें' करके सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं और सेना पर सवाल उठा रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से कई बार यह मुद्दा उठाए जाने की कोशिश करने पर सदन में सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक एवं हंगामा देखने को ▶▶|शेष पेज 6 पर

**»** *राहुल ने पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण के मसौदे के कुछ अंश को संसद में उठाया*

**»** *राजनाथ और अमित शाह ने राहुल का किया विरोध, सदन में हुआ जमकर हंगामा*

लोकसभा में सोमवार को कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा देखने को मिला। राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की अप्रकाशित किताब का हवाला देते हुए कहा कि डोकलाम में चार चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे। राहुल गांधी के दावे पर का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने जोरदार विरोध किया, जिसके बाद सदन में काफी हंगामा देखने को मिला।

शाह बोले

**व्यवस्था का पालन करना चाहिए**

गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा कि सदन में पुस्तक और पत्रिका में प्रकाशित बातों को नहीं रखा जा सकता और नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए।





**रक्षामंत्री ने कहा- बोले जाने से रोका जाए**

कांग्रेस नेता की बातों का विरोध करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, 'ये पूरी तरह काल्पनिक बातें हैं, नेता प्रतिपक्ष सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें इस विषय पर बोले जाने से रोका जाए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, आप (राहुल) देश को नीचा दिखाकर क्या कहना चाहते हैं। आप एक ऐसी बात कर रहे हैं जिसका कोई स्रोत नहीं है, आप ऐसी कोई बात मत बोलिए, जिससे सेना का मनोबल गिरे। सदन में गतिरोध जारी रहने पर लोस अध्यक्ष ने सभा की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**लोस अध्यक्ष ने राहुल को दी समझाइश**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस नेता से कई बार यह अपील की कि वह पुस्तक या किसी पत्रिका को सदन में उद्धृत नहीं कर सकते, हालांकि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख का हवाला देते हुए चीन के साथ भारत के सैन्य तनाव का विषय उठाने का प्रयास किया और दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चरित्र के बारे में भी बताया है। इस विषय पर कार्यवाही पहली बार स्थगित होने से पहले जब लोकसभा में गतिरोध जारी था, तब प्रधानमंत्री मोदी भी सदन में मौजूद थे।

**रीजीजू बोले**

**राहुल ने की लोस अध्यक्ष के निर्णय की अवहेलना**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर लोकसभा में अध्यक्ष के फैसले की अवहेलना करने और एक पूर्व सेना प्रमुख के अप्रकाशित संस्मरण के अंश उद्धृत करने की कोशिश करके लोकसभा का समय बर्बाद करने का आरोप लगाया।



रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में व्यवस्था दी थी कि केवल प्रमाणित दस्तावेजों को ही उद्धृत किया जा सकता है। सदन के नियमों का हवाला देते हुए, रीजीजू ने यह भी कहा कि चर्चा के दौरान किताबों, पत्रिकाओं और समाचार कतरनों को उद्धृत नहीं किया जा सकता है, अगर उनका कार्यवाही से कोई संबंध नहीं है। मंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अध्यक्ष के फैसले की अवहेलना करके 'वही गलती बार-बार दोहराई और सदन का समय बर्बाद किया।

### ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर की बात

## मेड इन इंडिया उत्पादों पर अब अमेरिकी टैरिफ18 फीसदी



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की। इस बातचीत की पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क घटकर 18 फीसदी रह जाएगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से बात करके बहुत अच्छा लगा। यह जानकर बेहद खुशी हुई कि अब 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर शुल्क घटकर 18 फीसदी रह जाएगा। इस शानदार घोषणा के लिए भारत की 1.4 अरब जनता की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप को हार्दिक धन्यवाद। मोदी ने कहा कि जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो इससे लोगों को लाभ होता है और पारस्परिक लाभकारी सहयोग के अपार अवसर खुलते हैं।

**अमेरिका ने दो बार लगाया टैरिफ**

अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। हालांकि दोनों नेताओं ने रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाए गए 25% एक्स्ट्रा टैरिफ पर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया।

**पीएम मोदी ने ट्रंप को शुक्रिया कहा-** पीएम मोदी ने लिखा कि मुझे राष्ट्रपति ट्रंप से बात करके बहुत खुशी हुई। यह जानकर बेहद संतोष है कि अब मेड इन इंडिया उत्पादों पर टैरिफ घटाकर 18% कर दिया गया है। इस शानदार फैसले के लिए मैं भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप का दिल से धन्यवाद करता हूं। जब दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश मिलकर काम करते हैं।

सरकार-प्रशासन जनता के बीच सीधी बातचीत

## हरिभूमि-आईएनएच का आज कांकेर में जिला संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ में विकास के दावों और जमीनी हकीकत के बीच सेतु बनाने के उद्देश्य से हरिभूमि एवं आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम 3 फरवरी को कांकेर स्थित सिंगारभाट के बाफना रिजॉर्ट में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर जिलेभर में पिछले दो दिनों से खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सरकार, प्रशासन और आम जनता को एक मंच पर लाकर विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति पर खुलकर संवाद करना इस आयोजन की प्रमुख विशेषता है। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी अतिथियों से सवाल-जवाब करेंगे। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। ▶▶|शेष पेज 6 पर





**उत्कृष्ट सेवा के लिए करेंगे सम्मान**

जिला संवाद कार्यक्रम के दौरान समाज और जिले के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसमें मावा मॉडल के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, सिद्धांत हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. नागेश्वर राव, आत्मानंद नरहरदेव हायर सेकेंड्री स्कूल कांकेर की प्राचार्य रचना श्रीवास्तव, कनिष्क इंडस्ट्रीज कांकेर के डायरेक्टर विकास नागपाल तथा जनसहयोग सेवी संस्था कांकेर के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### लंदन से बेंगलुरु उड़ान

## एअर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच में खराबी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के एक पायलट ने सोमवार को बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के ईंधन नियंत्रण 'स्विच' में संभावित खराबी की सूचना दी तथा इसकी जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, लंदन से बेंगलुरु आ रहा विमान (उड़ान संख्या एआई132) सोमवार सुबह बेंगलुरु में उतरा। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि वह इस बात से अवगत है कि उसके एक पायलट ने बोइंग 787-8 विमान के ईंधन नियंत्रण स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी।

**फ्यूल कंट्रोल स्विच का काम और तकनीक**

फ्यूल कंट्रोल स्विच विमान के कॉकपिट में थ्रस्ट लीवर के पास होते हैं। ये इंजन में फ्यूल की सप्लाई को कंट्रोल करते हैं। इसका मुख्य काम इंजन में फ्यूल की सप्लाई को शुरू करना (रन पोजिशन) या बंद करना (कटऑफ पोजिशन) है। हर इंजन के लिए अलग-अलग फ्यूल कंट्रोल स्विच होता है।

बैठक बीच में छोड़कर चली गईं ममता

## ममता बोलीं-बंगाल को बनाया जा रहा निशाना, निर्वाचन आयुक्त झूठा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के साथ सोमवार को बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गईं। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों पर 'अहंकारी' होने और उनके प्रतिनिधिमंडल को अपमानित करने का आरोप लगाया। पार्टी के अनुसार, विरोध के प्रतीक के रूप में काले शॉल ओढ़े हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी के साथ-साथ पश्चिम ▶▶|शेष पेज 6 पर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया, छग को क्या और कितना मिला

## छग को नई ट्रेन नहीं मिली, पर ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर यही से गुजरेगा, 1200 किमी से ज्यादा रेल नेटवर्क का भी फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ को इस बार नई ट्रेन नहीं मिलेगी, पर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए खजाना खोला गया है। इस बजट में पिछले साल की तुलना में ज्यादा पैसा दिया गया है। खास बात यह है कि बजट में जिन सात रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है, उनमें से एक ईस्ट-वेस्ट छत्तीसगढ़ से गुजरेगा यानी राज्य को पोर्ट की सुविधा मिल आसानी से मिल जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार शाम प्रेस ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राज्य में होंगे 7470 करोड़ का काम




**7 राज्यों से अधिक छत्तीसगढ़ का बजट**

रेलवे ने इस बार छत्तीसगढ़ को बजट में रेलवे के 7 राज्यों की तुलना में अधिक बजट दिया है। बता दें कि गोवा को 515 करोड़, दिल्ली को 2711 करोड़, पंजाब को 5673 करोड़, हरियाणा को 3556 करोड़, हिमाचल को 2944, जम्मू कश्मीर को 1086 करोड़ और उत्तराखंड को 4769 करोड़ दिया गया है, जो छत्तीसगढ़ के बजट से कम है। छत्तीसगढ़ को बजट में रेलवे विकास के लिए 7,470 मिला है।

**डबल इंजन सरकार का बड़ा तोहफा : साय**

छत्तीसगढ़ में रेलवे अधोसंरचना विकास के लिए 7,470 करोड़ रुपए के ऐतिहासिक बजट प्रावधान किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्रीअश्विनी वैष्णव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार के सतत प्रयासों से छत्तीसगढ़ में आज रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। वर्ष 2009–14 के दौरान वार्षिक औसत 311 करोड़ की तुलना में 2026–27 में 7,470 करोड़ का बजट प्रावधान लगभग 24 गुना वृद्धि का रिकॉर्ड है। वर्तमान में राज्य में 51,080 करोड़ के रेल कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें नए ट्रैक निर्माण, स्टेशनों का पुनर्विकास तथा सुरक्षा उन्नयन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
(DEEMED TO BE UNIVERSITY)
SAAT-2026
Empowering students for a brighter future
B.TECH PROGRAMMES IN EMERGING COMPUTING
- Computer Science and Engineering (AI and ML)
- Computer Science and Engineering (Cyber Security)
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (Internet of Things)
APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2025
- 15th Best in University Category
- 22nd Best in Engineering Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2026
- Ranked in QS World Rankings 2026
- Ranked in Times World Rankings 2026
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in





# छात्र पर बरसाए गए 13 डंडे पैरों में खून जमने के निशान

**पिता की शिकायत के बाद डीईओ ने बनाई जांच टीम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबिकापुर

स्कूलों में बच्चों के साथ हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर शहर के बीच मौजूद स्कूल में मासूम बच्चे पर 13 डंडे बरसाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत परिजन ने जिला शिक्षा अधिकारी से की है जिसके बाद डीईओ ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया है। जांच टीम के रिपोर्ट के बाद आगे के कार्रवाई की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि विजय चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र शहर के प्रतापपुर रोड स्थित होली होम एकेडमी में कक्षा 6वीं में पढ़ाई करता है। छात्र 29 जनवरी को स्कूल गया हुआ था। इस दौरान स्कूल में पढ़ाई को लेकर बच्चे के शारीर पर 13 डंडे बरसाए गए। जब बच्चा घर पहुंचा तो उसके पैर पर जगह जगह निशान बने थे और खून जम गया था जिसके बाद परिजन छात्र को लेकर अस्पताल गए जहां बच्चे का उपचार कराया गया। इसके साथ ही छात्र के पिता ने घटना की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की है जिसके बाद डीईओ दिनेश झा ने मामले में जांच के निर्देश दिए है। छात्र के पिता ने मारपीट जमे खून के निशान की तस्वीर और मेडिकल रिपोर्ट भी पेश की है।



**जांच के बाद होगी कार्रवाई**

मारपीट की शिकायत की गई थी। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-दिनेश झा, डीईओ

**तीन सदस्यीय समिति करेगी जांच**

ऐसे में डीईओ ने शासकीय उमावि खलिबा की प्राचार्य श्रीमती मीना पुरोहित, शासकीय उमावि सरगवां के प्राचार्य संजीव कुमार सिंह व सकालो हाई स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अनिता दान की तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई है। डीईओ ने जांच टीम को तत्काल स्कूल जाकर और छात्र व परिजन से मिलकर जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

**बतौल के शांतिपारा में हुई घटना**

# कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग 35 लाख का कपड़ा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर



बतौल के शांतिपारा में सोमवार की तड़के उस समय हड़कंप मच गया जब एक कपड़ा दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। दमकल टीम के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक आगजनी से दुकान में रखे कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि मार्ग से गुजर रहे लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देख दुकान संचालक को आग लगने की जानकारी दी। आगजनी से लगभग 35 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटे शांतिपारा बतौली में भाजपा नेता नवीन गुप्ता की अमित क्लॉथ दुकान है। आज तड़के 4 बजे दुकान से आग की लपटें निकल रही थी जिसे देख सीतापुर की ओर जा रहे राहगीर ने अपनी कार रोक कपड़ा दुकान के संचालक को आग लगने की जानकारी दी। संचालक ने देखा का आग की लपटे दुकान से निकल रही थी अपनी दुकान को जलते देख सब घबरा गए और आनन फ़ानन में पुलिस को सूचना दी गई। साथ ही बतौली से 30 किलोमीटर दूर अंबिकापुर से दमकल कर्मियों को बुलाया गया। दुकान के अंदर से आग की लपटे लगातार बढ़ रही थी। आग पूरे कमरे में फैल जाने की आशंका पर नवीन गुप्ता द्वारा जेसीबी बुलाकर दुकान की शटर को भी तुड़वाया गया। लेकिन भीषण आग से 35 लाख के सामान में पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।

इधर जब तक आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंचत इससे पहले ही दुकान में रखा समान पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पा लिया लेकिन समान के अवशेष ही बचे थे।

**फायर बिग्रेड वाहन की कमी**

बतौली क्षेत्र में भी आगजनी के मामले होते रहते है लेकिन आगजनी पर काबू पाने फायर बिग्रेड वाहन की कमी साफ झलकती है। जब तक वाहन 30 किलोमीटर दूर अंबिकापुर से बतौली पहुंचती है तब तक सब जलकर राख बन जाता है। क्षेत्र के लोगों ने बतौली में भी फायर बिग्रेड वाहन उपलब्ध कराने शासन से मांग की है।

## रतनजोत बीज को खाने से 30 बच्चे हुए बीमार




हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

रतनजोत बीज को काजू समझकर खाने से 30 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। गंभीर रूप से बीमार बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- धमतरी जिले के ग्राम बोरझरा की घटना

भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम बोरझरा में रविवार को मानस सम्मेलन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल पर खेल रहे कुछ बच्चे गांव में स्थित तालाब की तरफ चले गए। तालाब किनारे रतनजोत का पौधा लगा हुआ है। बच्चों ने रतनजोत के फल को काजू समझकर खा लिया। वहीं कुछ फल को तोड़कर अपने साथ ले गए जिसे अन्य बच्चों को भी खाने के लिए दे दिया। उन बच्चों ने भी रतनजोत बीज को काजू समझकर सेवन कर लिया। एक युवक व महिला भी रतनजोत बीज का सेवन कर लिया। कुछ घंटे के बाद शाम को एक के बाद एक बच्चे उल्टी करने लगे। बच्चों को एक साथ बीमार पड़ते देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण तत्काल 30 से अधिक बच्चों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र कुर्रा ले गए। जहां बीमार बच्चों का उपचार किया गया। अधिकांश बच्चे उपचार के बाद घर लौट गए। **सभी बच्चे खतरे से बाहर**-सिविल सर्जन डॉ. टोन्डर ने बताया कि रतनजोत बीज खाने के बाद बीमार 10 बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। शिशुरोग विशेषज्ञ की देखरेख में सभी बच्चों का इलाज किया गया।

## शिकार के लिए छलांग लगाने के दौरान कुएं में गिरा था तेंदुआ शावक



हरिभूमि न्यूज. बिहारपुर

ग्राम महुली स्थित कुंए में मृत मिले तेंदुए का पीएम डीएफओ की मौजूदगी में सोमवार को परिक्षेत्र कार्यालय में किया गया। चिकित्सकों ने अपनी रिपोर्ट में मौत का कारण पानी में डूबना माना है।

रविवार को वन परिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत ग्राम महुली में बच्चों ने खेलने के दौरान जंगल से सटे कुएं में एक तेंदुए का शव देखा थ। बच्चों ने घटना की सूचना परिजन को दी थी। परिजन ने घटना की तस्दीक करने के बाद इसकी सूचना परिक्षेत्राधिकारी को दी थी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने शाम 5 बजे जाल की मदद से शव को बाहर निकाल परिक्षेत्र कार्यालय में रखवाया था। सोमवार को दोपहर में सूरजपुर के पशु चिकित्सक डॉ.गोविंदा साहू, डॉ.केएन यादव एवं डॉ.प्रीति जायसवाल की टीम ने मृत तेंदुए का पीएम किया। चिकित्सकों के अनुसार मृत तेंदुआ नर शावक था तथा उसकी उम्र 1 से 1.5 वर्ष के बीच की है। शावक के पेड़ से किसी छोटे जीव के बाल के अंश मिले हैं। इस आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि भ्रमण के दौरान तेंदुआ शावक कुएँ की जगत पर खरगोश को घूमते देख उसका शिकार करने लम्बी छलांग लगाया होगा तथा अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गया होगा। इस दौरान उसने शिकार को उदरस्थ तो कर लिया लेकिन गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पीएम उपरांत विधि विधान से परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में उसका अग्नि संस्कार किया गया। इस दौरान डीएफओ दुलेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य वन अधिकारी उपस्थित थे।

**हाईकोर्ट ने कहा**

**नियम बदले तो पुराना एडमिशन खत्म माना जाएगा**

# मेडिकल पीजी एडमिशन में पुराना अलॉटमेंट रद्द, अब नई काउंसलिंग से ही मिलेगी सीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेज पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में एडमिशन के पुराने अलॉटमेंट को रद्द कर दिया गया है। अब नई काउंसलिंग से ही सीट मिलेगी। मामले में हाईकोर्ट ने कहा है कि, नियम बदले तो पुराना एडमिशन खत्म माना जाएगा। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि, 2025 के नियम 11 में किए गए संशोधन के बाद किसी भी अभ्यर्थी के पास पहले से आवंटित सीट पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं रह जाता है।

- मेडिकल सीटों के लिए नए नियमों के तहत नए सिरे से काउंसलिंग का रास्ता साफ

इस मुद्दे पर अब और कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। दरअसल, भिलाई निवासी अनुष्का यादव ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका में राज्य सरकार के 22 और 23 जनवरी 2026 के उन आदेशों को चुनौती दी थी। जिसके तहत पहले से पूरी हो चुकी काउंसलिंग और सीट आवंटन को अचानक रद्द कर दिया गया था। तर्क दिया कि उसने मेरिट के आधार पर भिलाई के एक निजी मेडिकल कॉलेज में रेडियो डायग्नोसिस की सीट हासिल की थी। 10.79 लाख रुपए फीस समेत 10 लाख की बैंक गारंटी जमाकर ज्वाइन कर लिया था।

**प्रोविजनल अलॉटमेंट को अंतिम नहीं माना जा सकता**

राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि इसी के मद्देनजर नियम 11 में संशोधन किया। जिससे 50 प्रतिशत सीटें उन अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जा सकें। जिन्होंने छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस किया है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत सीटें पूरी तरह से ''ओपन मेरिट'' के आधार पर भरी जा सकें। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सरकार के फैसले को सही



ठहराया है। साथ ही कहा कि जब प्रवेश प्रक्रिया न्यायिक जांच और नियमों के अधीन हो तो प्रोविजनल अलॉटमेंट को अंतिम नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि इस मुद्दे पर अब और कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। जिससे प्रवेश प्रक्रिया में अनुशासन और अंतिम रूप सुनिश्चित किया जा सके। इस निर्णय के बाद अब राज्य में पीजी मेडिकल सीटों के लिए नए नियमों के तहत नए सिरे से काउंसलिंग का रास्ता साफ हो गया है।

याचिकाकर्ता का कहना था कि, एक बार प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे रद्द करना अनुचित है।

**काउंसलिंग रद्द करने का निर्णय मनमाना नहीं**

याचिका में शासन के फैसले को अवैधानिक और मनमानीपूर्ण बताया गया। साथ ही कहा कि, इस प्रक्रिया से पहले प्रवेश पाने वाले छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि, काउंसलिंग रद्द करने का निर्णय कोई मनमानी कार्रवाई नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के डॉ. तन्वी बहल मामले में दिए गए आदेश के पालन में उठाया गया कदम था। इसके अलावा कहा गया कि डोमिसाइल आधारित आरक्षण पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में असंवैधानिक है और केवल संस्थागत प्राथमिकता को ही एक सीमा तक अनुमति दी जा सकती है।

## बेटी जन्म से ही बेटे की तरह पैतृक संपत्ति की हकदार बन जाती है

हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि बेटी जन्म से ही बेटे की तरह पैतृक संपत्ति की हकदार बन जाती है। कोर्ट ने पिता की संपत्ति पर बेटी को बराबर का हकदार माना है। कोर्ट ने साथ में यह भी कहा है कि मौखिक बंटवारे की दलील स्वीकार नहीं की जा सकती, क्योंकि कानून बंटवारे को तभी मान्यता देता है, जब वह या तो रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के तहत विधिवत रजिस्टर्ड बंटवारे के विलेख द्वारा, या किसी सक्षम अदालत के फैसले द्वारा किया गया हो।

- पिता की संपत्ति पर बेटी को भी हकदार माना गया

राजनांदगांव के डोंगरगढ़ की निवासी अमरिका बाई (35 वर्ष) पति रंजीत लोधी ने पिता की संपत्ति पर बराबार हक की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। सिविल न्यायालय से वाद खारिज होने पर उन्होंने हाईकोर्ट में अपील पेश की। जस्टिस विभु दत्त गुरू ने अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त बंटवारे के सबूत के अभाव में वादी पैतृक संपत्ति में सह-मालिक बनी रहती है और बंटवारे और अलग कब्जे की मांग करने की हकदार है।

**यह है मामला**

अपीलकर्ता अमरिक बाई पिता धनूक लोधी के पिता दुखेल लोधी के पास 26.00 एकड़ ज़मीन थी। दुखेल की मौत के बाद, बंटवारे में पुश्तैनी प्रॉपर्टी में से, धनुक को 6.30 एकड़ ज़मीन मिली। उस पुश्तैनी प्रॉपर्टी से हुई आय से धनुक ने रामटोला गाँव के आशाराम और दूसरों से 2.50 एकड़ जमीन खरीदी और उसके बाद अपनी पत्नी हेमकुंवर के साथ अपने भाइयों के जॉइंट फ़ैमिली से अलग रहने लगा। हेमकुंवर बाई और धनुक की शादी से, उन्हें दो बेटियाँ हुईं, जिनके नाम अमरीका बाई अपीलकर्ता और कचराबाई (अब मर चुकी हैं)। धनुक अपनी पत्नी हेमकुंवर के साथ आदतन मारपीट करता था। दोनों बेटियों की शादी के बाद, उसने हेमकुंवर बाई के साथ और ज़्यादा ज़ुल्म करना शुरू कर दिया और भगवतीबाई को अपनी पत्नी के तौर पर घर में ले आया। इसलिए, उनकी पहली पत्नी हेमकुंवर बाई ने कोर्ट में मेंटेनेंस के लिए एक एप्लीकेशन दी, जिसे मान लिया गया।

## हाईकोर्ट ने कहा-वैवाहिक मामलों में पत्नी की सुविधा सर्वोपरि

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद से जुड़े मामलों में एक अहम फैसला सुनाते हुए पत्नी की सुविधा और परिस्थितियों को प्राथमिकता दी है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की एकलपीठ ने टीपीसीआर एवं टीपीसी में सुनवाई करते हुए दुर्ग में लंबित तीनों मामलों को कोंडागांव जिला स्थानांतरित करने के आदेश दिए हैं। मामले की याचिकाकर्ता महिला ने हाईकोर्ट में स्थानांतरण याचिका दायर कर यह आग्रह किया था कि दुर्ग में चल रहे वैवाहिक व भरण-पोषण से जुड़े प्रकरणों को कोंडागांव स्थानांतरित किया जाए, क्योंकि उनके लिए बार-बार दुर्ग आना अत्यंत कठिन और कष्टप्रद है।

याचिकाकर्ता का विवाह 21 अप्रैल 2022 को नारायणपुर जिले में हिदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद वह अपने पति के साथ चरौदा, भिलाई (जिला दुर्ग) स्थित ससुराल गईं। याचिका में आरोप लगाया गया कि विवाह के समय माता-पिता द्वारा पर्याप्त घरेलू सामान और आभूषण दिए गए, बावजूद इसके ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर ताने दिए जाते रहे। याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि पति गंभीर हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से पीड़ति है, जिसकी जानकारी विवाह से पूर्व जानबूझकर छिपाई गई। 6 अक्टूबर 2023 को पति व उसके परिजनों द्वारा मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल किया गया और ससुराल से निकाल दिया गया। इसके बाद वह अपने मायके नारायणपुर में रहने लगीं। याचिकाकर्ता द्वारा भरण-पोषण का आवेदन, घरेलू हिसा अधिनियम के तहत प्रकरण दायर किए गए, जो दुर्ग में लंबित थे। वहीं पति द्वारा हिदू विवाह अधिनियम की धारा 9 के तहत दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना के लिए वाद दायर किया गया था।

- परिवारिक विवाद के लंबित तीनों मामलों को संबंधित अदालत में ट्रांसफर करने के निर्देश

## बंद रहेगी कांकेर वैली नेशनल पार्क की ग्रीन गुफा

कांकेर वैली नेशनल पार्क स्थित ग्रीन गुफा को टूरिज्म के लिए खोलना और गुफा के प्रवेश द्वार का निर्माण, सीढ़ी, पाथवे इत्यादि संरचनाओं के निर्माण के विरुद्ध दायर जनहित याचिका में शासन की तरफ से बताया गया कि गुफा में कुछ लोग नाम खोद देते हैं जिससे गुफा के संरक्षण के लिए गुफा के बाहर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि गुफा को आम जनता से बचाने के लिए कार्य किया जा सकता है जिनसे गुफा की विरासत को खतरा हो। कोर्ट ने संचालक कांकेर वैली नेशनल पार्क से शपथ पत्र मांगते हुए 18 फरवरी को अगली सुनवाई निर्धारित की है।याचिकाकर्ता रायपुर निवासी नितिन सिंघवी की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि वन विभाग पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गेट सीढ़ी और पाथवे बनवा रहा है। 24 दिसंबर 2025 को हुई वन विभाग की बैठक में कांकेर वैली नेशनल पार्क के संचालक में पावर पॉइंट के माध्यम से ग्रीन गुफा के प्रवेश द्वार, सीडी पाथवे इत्यादि संरचनाओं के निर्माण का प्रस्तुतीकरण किया जिस पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) द्वारा जनवरी माह के अंत तक पर्यटकों के लिए गुफा खोलने के निर्देश दिए गए और गुफा खोलने की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने हेतु अच्छे साइनेज, फोटो वीडियो के माध्यम व्यापक चार प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

- आम जनता से बचाना जारी रहेगा जिससे की विरासत को खतरा ना हो।

**अटके 600 करोड़ से ज्यादा, आईएमए ने दिया था दस दिन का अल्टीमेटम**

# इंतजार में बीता सप्ताह नहीं मिली 'आयुष्मान' की खैर-खबर, स्वास्थ्य मंत्री का आश्वासन- आज से भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से निजी हास्पिटलों में इलाज बंद होने की मुसीबत टल गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आश्वासन दिया है कि मंगलवार से अस्पतालों को भुगतान शुरू हो जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग से मंजूरी मिल चुकी है। बकाया राशि 600 करोड़ से ज्यादा होने पर आईएमए द्वारा दिए गए दस दिन का अल्टीमेटम दिया गया था, जिसके सात दिन राशि मिलने के इंतजार में बीत चुके थे। राशि लंबित होने का सबसे ज्यादा असर छोटे और मंझोले अस्पतालों पर हो रहा है।

- वित्त विभाग से मिली मंजूरी, अस्पतालों को आज से राहत मिलने के आसार

निजी हास्पिटलों से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि स्वास्थ्य सहायता योजना में किए जाने वाले इलाज का निजी अस्पतालों को भुगतान नियमित नहीं हो पा रहा है। समय-समय पर संगठन को इसके लिए सामने आकर लंबित राशि का भुगतान किए जाने के लिए निवेदन करना पड़ता है। किए गए उपचार की राशि राज्य में 600 करोड़ से अधिक हो चुकी थी, मगर इसके भुगतान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही थी। इस कारण छोटे अस्पतालों की दिक्कत बढ़ गई और वे योजना के हितग्राहियों के इलाज से हाथ खींचने लगे थे। पिछले दिनों इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में इस पर गहरी चिंता जाहिर करते दस दिन में भुगतान मांगा था। सात दिन बीतने के बाद किसी तरह की पहल नहीं होने से निराशा होने लगी थे। आईएमए के जिम्मेदारों ने कहा था कि भुगतान नहीं होने पर वे दस दिन बाद योजना के माध्यम से मरीजों का इलाज बंद कर देंगे। इधर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि उन्होंने पूर्व में ही जनहित से जुड़ी योजना का भुगतान शीघ्र होने का आश्वासन दिया था। वित्त विभाग से राशि को मंजूरी मिल चुकी है और मंगलवार से अस्पतालों को भुगतान देना शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को आयुष्मान का लाभ बिना किसी रुकावट के मिलता रहेगा।

**समस्या राज्य के हिस्से से**

चिकित्सकों के मुताबिक आयुष्मान योजना के तहत किए जाने वाले इलाज की राशि का 40 फीसदी हिस्सा केंद्र और 60 प्रतिशत राज्य का होता है। केंद्र द्वारा अपना हिस्सा तो दे दिया जाता है मगर राज्य अपने हिस्से की राशि समय पर जारी नहीं कर पाती। इसकी वजह से अस्पतालों को भुगतान नहीं हो पाता और उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका तर्क है कि पुराने पैकेज पर काम करने के बाद भी समय पर राशि नहीं मिलना अस्पतालों के लिए दोहरी समस्या है।




**बड़े अस्पताल हाथ खींच चुके**

राज्य में कुछ बड़े अस्पताल अघोषित रूप से इस योजना के माध्यम से मरीजों का इलाज करने से हाथ खींच चुके हैं। आने वाले मरीजों को नकद इलाज के लिए जोर दिया जाता है। छोटे और मध्यम अस्पतालों में मरीजों को इसकी सुविधा मिलती है, मगर समय पर भुगतान नहीं होने की वजह से वे भी इस समस्या से अपना हाथ खींचने लगे हैं। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता उन मरीजों के लिए बड़ा सहारा साबित होती है, जो निजी हास्पिटलों का खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं हैं।

**स्थाई समाधान जरूरी**

भुगतान को लेकर समय-समय पर परेशानी का सामना हास्पिटलों को करना पड़ता है। पिछले बैठक में शासन को अपनी परेशानी से अवगत कराया गया था। इस समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता है।

- **डॉ. सुरेंद्र शुक्ला**, अध्यक्ष, हास्पिटल बोर्ड आईएमए

**शीघ्र भुगतान का प्रयास**

अस्पतालों को लंबित राशि के शीघ्र भुगतान किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य से जुड़े मामले में राज्य सरकार संवेदनशील है, योजना में किसी तरह का व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा।

- **श्याम बिहारी जायसवाल**, स्वास्थ्य मंत्री, छग

बिलासपुर
मंगलवार 3 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 312
पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 16.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 मुंबई टीम में लौटे ठाकुर-जायसवाल, कर्नाटक ...



विचार पेज
2 वेनेजुएला-भारत संबंध नई ऊंचाई पर

# छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं ऑनलाइन जाचेंगे शिक्षक, स्कैन करके ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएंगी कॉपियां

*शुरुआत 12वीं कक्षा से, सफल हुए तो 10वीं में भी होगा प्रयोग*

## सीबीएसई कर रहा है मूल्यांकन के तरीकों में बदलाव, फिलहाल यह केवल पायलेट प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई इस साल से कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा की कॉपियों की जांच के तरीके में बदलाव करने जा रहा है। अब तक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कागज पर की जाती थी, अब इसकी जगह ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू करने की तैयारी है। यह बदलाव नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप किया जा रहा है। इस नई व्यवस्था के तहत कॉपियों को स्कैन कर कंप्यूटर की स्क्रीन पर जांचा जाएगा। बोर्ड का मानना है कि इससे जांच प्रक्रिया ज्यादा साफ, तेज और भरोसेमंद बनेगी। ऑन स्क्रीन मार्किंग का मतलब है कि छात्रों की आंसर शीट स्कैन करके डिजिटल रूप में परीक्षकों को दी जाएगी। शिक्षक कंप्यूटर या लैपटॉप की स्क्रीन पर ही उत्तर देखेंगे और वहीं अंक देंगे। इसके लिए सीबीएसई एक तय और सख्त मार्किंग स्कीम लागू करेगा, ताकि हर छात्र को बराबरी का मूल्यांकन मिल सके। इस सिस्टम के लिए एक खास एजेंसी का चयन भी किया जा रहा है, जो तकनीकी काम संभालेगी।

### रिकॉर्ड में रहेगी पूरी प्रक्रिया

इस नई जांच प्रणाली में सीबीएसई की मार्किंग स्कीम का सख्ती से पालन होगा। शिक्षक सही स्टेप्स और जरूरी शब्दों के आधार पर अंक देंगे। इससे उन छात्रों को फायदा मिलेगा, जो सवाल का पूरा हल लिखते हैं, भले ही अंतिम जवाब थोड़ा अलग हो। बोर्ड का कहना है कि इससे गलतियों की संभावना कम होगी और छात्रों को उनके सही प्रयास का पूरा श्रेय मिलेगा। सीबीएसई का मानना है कि डिजिटल जांच से काफी समय बचेगा। फिजिकल कॉपियों को एक जगह से दूसरी जगह भेजने की जरूरत नहीं होगी। जांच का काम तेजी से पूरा होगा और रिजल्ट भी जल्दी घोषित किए जा ▶▶| शेष पेज 6 पर



### पुनर्मूल्यांकन में वक्त नहीं

ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम में क्रॉस-चेकिंग और मॉडरेशन की प्रक्रिया भी आसान और तेज हो जाएगी। जरूरत पड़ने पर किसी कॉपी को दोबारा जांचने या दूसरे परीक्षक को दिखाने में समय नहीं लगेगा। सब कुछ डिजिटल होने से बोर्ड आसानी से यह देख सकेगा कि कहीं किसी छात्र के साथ अन्याय तो नहीं हुआ। इससे एक ही जवाब पर अलग-अलग अंक मिलने की समस्या भी काफी हद तक खत्म होगी। सीबीएसई ने साफ किया है कि अगर कक्षा 12वीं में ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम सफल रहता है, तो अगले साल से इसे कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में भी लागू किया जा सकता है। इससे पूरे बोर्ड सिस्टम में एक जैसी और आधुनिक जांच प्रक्रिया अपनाई जा सकेगी।

---

*राजिम इलाके का बवाल गिरफ्तारी के साथ थमा, गांव में पुलिस का डेरा*

# तांडव के बाद लौट रही गांव की शांति 3 उपद्रवी गिरफ्तार, गलियों में पहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

हरिभूमि फॉलोअप

गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम दुतकैयां में रविवार को हुए तांडव, आगजनी के बाद गांव की शांति अब लौट रही है। गांव की गलियों और चौक- चौराहों में पुलिस का पहरा है। मंदिर में तोड़फोड़ के आरोपियों के ग्रामीणों से मारपीट और तांडव मचाने के बाद गांववालों ने भी कई घरों में आग लगा दी थी। बवाल के दौरान पुलिसकर्मियों को भी चोटें आईं हैं। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ एक समुदाय के आरोपियों के ग्रामीणों की पिटाई से उपजा विवाद

दुतकैयां पहुंची हरिभूमि की टीम को सोमवार को ग्राम समिति के मदन लाल साहू, सहित कुछ लोगों ने बताया कि 31 जनवरी के दोपहर 3 बजे के आसपास नकाब लगाए 3 व्यक्ति विद्युत सब स्टेशन पहुंचे औरवहां अरविंद साहू के सिर को फोड़ दिया। इस घटना के बाद 1 फरवरी को यही 3 लड़के दुतकैयां और आसपास तांडव मचाना शुरू किया। इससे भड़के ग्रामीणों ने भी जमकर बवाल मचाया। कई घरों में आग लगा दी। पुलिस के साथ भिड़ंत में भी गई जवान घायल हो गए। चप्पे- चप्पे पर पुलिस तैनात है।





### इस तरह शुरू हुआ बवाल

ग्रामीणों ने बताया कि इन तीन लड़के की चपेट में अरविंद साहू,परमानंद साहू,ललित साहू,कुलेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, रेखु यादव, उमेश साहू, छोटू ध्रुव, जितेंद्र साहू, बालकृष्ण आए थे। इनमें से अरविंद साहू के सिर को फोड़ा गया था। परमानंद के गाल में तमाचा जड़ा गया था। कुलेश्वर साहू को पत्थर मारकर घायल किया गया जो सीरियस है अस्पताल में भर्ती है। बकली गांव के पास नरेंद्र साहू को पीटा गया बाकी लड़कों को मारने के लिए दौड़ाया तो वे जान बचाकर भागने में सफल हुए। तीनों आरोपी लड़कों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पूरी रात रही दहशत

घटना के बाद पूरी रात न केवल दुतकैयां में बल्कि आसपास के गांव अरंड,बकली,रांवड़, बासीन, परसदाजोशी में अज्ञात भय का माहौल रहा जो सुबह होते-होते कम होता गया। गांव में सोमवार को दोपहर अधिकतर घरों के दरवाजे बंद रहे। गलियां सूनी रहीं। जिनके दरवाजे खुले हुए है वहां महिलाएं और कुछ लोग बैठे नजर आए जो खामोश थे। एसएएफ के बदूंकधारी जवान गांव के गलियों में न केवल निरंतर भ्रमण कर रहे है बल्कि दर्जनों जगह टीम के रूप में तैनात थे। पुलिस की कई बसें और गाड़ियां दुतकैयां व आसपास के गांव में नजर आईं।

### अफवाहों पर ध्यान न दें

प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में गांव में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पूरे मामले में वैधानिक कार्रवाई जारी है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से कोई भ्रामक जानकारी न फैलाएं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।


### दुतकैयां कांड के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थिति वर्तमान में पूर्णतः नियंत्रण में है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2024 में ग्राम दुतकैया के पुराना तालाब स्थित बावेश्वर शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के मामले में आरोपी आरिफ खान के विरुद्ध थाना राजिम में अपराध क्रमांक 173/24 के तहत धारा 295, 427, 201, 34 भादवि में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। उस समय आरोपी नाबालिग था और उसे बाल सुधार गृह माना भेजा गया था, जहां से वह जमानत पर रिहा हुआ था। 1 फरवरी 2026 को आरोपी आरिफ खान ने अपने कुछ साथियों के साथ अलग-अलग स्थानों पर कई लोगों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर विवाद व मारपीट की घटनाएं कीं। इन मामलों में थाना राजिम में विभिन्न धाराओं के तहत चार अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए गए। सभी मामलों ▶▶| शेष पेज 6 पर

---

*अप्रैल 2024 में हुई मौत और दिसंबर 2025 में बनाया गया स्वास्थ्य प्रमाणपत्र*

# सुपेला अस्पताल में बना मरे हुए आदमी का मेडिकल सर्टिफिकेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

दुर्ग जिले में संचालित लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय में एक मरे हुए व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट बना दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह सर्टिफिकेट और किसी ने नहीं बल्कि खुद अस्पताल के मुखिया चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीयाम सिंह ने बनाया है। जिस मृत व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट जारी किया गया है, उसका नाम गणेश राम है। जब दिए गए एड्रेस पर जाकर पता किया गया तो पता चला कि गणेश राम पिता स्व. राजाराम सुपेला मोतीलाल चौक वार्ड 17 रहते थे। उनका निधन 21 अप्रैल 2024 को हो चुका है। रामनगर मुक्तिधाम सुपेला में अंतिम संस्कार के बाद उनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है। जब गणेश राम अप्रैल 2024 म ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पुलिस अधिकारी का बन चुका है फर्जी मेडिकल

कुछ महीने पहले यहां पर एक व्यक्ति ने दलाल के माध्यम से एक एएसपी रैंक के पुलिस अधिकारी का फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट महिला डॉक्टर से बनवा दिया गया था। जब उसकी जानकारी अधिकारी को हुई तो इसकी शिकायत की गई। इसकी जांच अभी भी चल रही है।

### मेरे खिलाफ काम कर रहा है सिंडीकेट

लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय के चिकित्साधीक्षक डॉ. पीयाम सिंह का कहना है कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। उनके खिलाफ अस्पताल में एक सिंडीकेट काम कर रहा है। उन्हें धोखे में रखकर मरे हुए आदमी का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया गया होगा।

### मरे हुए आदमी का मेडिकल संभव नहीं

मरे हुए आदमी का मेडिकल सर्टिफिकेट बनना संभव नहीं है। ऐसा कैसे हो सकता है। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। इसकी जांच की जाएगी। यदि ऐसा हुआ तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. मनोज दानी**
सीएमएचओ, दुर्ग

### फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का चलता है गोरखधंधा


सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का गोरखधंधा कई सालों से चल रहा है। यहां कुछ लोग स्टैंड के पास बकायदा बैठे रहते हैं वो लोगों से मोटी रकम लेकर उनके बताए अनुसार मेडिकल सर्टिफिकेट बनावाते हैं। इससे न सिर्फ दलाल बल्कि डॉक्टर भी मोटी कमाई करते हैं।

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### देशभर में विकसित किए जाएंगे 'नमो वन'



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में हरित आवरण बढ़ाने के लिए 'नमो वन' के नाम से नगर वन विकसित किए जा रहे हैं। देशभर में ऐसे 300 नमो वन प्रस्तावित हैं। सभी सांसदों को राज्य सरकारों के माध्यम से प्रस्ताव भेजकर सहयोग करना चाहिए।

### पोर्श कार दुर्घटना, तीन आरोपियों को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में पुणे में पोर्श कार दुर्घटना मामले में तीन आरोपियों को सोमवार को जमानत दे दी, जिसमें दो लोगों की जान चली गई थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि नाबालिगों से जुड़ी ऐसी घटनाओं के लिए माता-पिता ही जिम्मेदार हैं। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को काबू में रखने में सक्षम नहीं हैं। पीठ ने कहा, नशीली दवाओं का सेवन एक अलग मसला है। लेकिन उन्हें (बच्चों को) कार की चाबियां और मौज-मस्ती करने के लिए पैसे देना अस्वीकार्य है।

---

*आंध्र प्रदेश में गरमाई राजनीति*

# पूर्व मंत्रियों के घरों पर लगाई आग, भागकर बचाई जान



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

आंध्र प्रदेश में सियासी घमासान अब हिंसक हो गया है। दो दिन में दो पूर्व मंत्रियों के घरों पर हमला हुआ। कृष्णा जिले के इब्राहिमपटनम में रविवार को वाईएसआरसीपी नेता और पूर्व मंत्री जोगी रमेश के घर पर उग्र भीड़ ने हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। हमले के वक्त पूर्व मंत्री की पत्नी और पिता घर के अंदर ही मौजूद थे। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना से पूरे आंध्र प्रदेश के सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया है। विवाद की मुख्य वजह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश के खिलाफ की गई टिप्पणी है। जोगी रमेश ने एक मंदिर में पूजा के बाद मीडिया से बात करते हुए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तिरुपति लड्डू विवाद और एसआईटी जांच को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला था। आरोप है कि उन्होंने सीएम और उनके बेटे के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे।

### एक दिन पहले भी एक पूर्व मंत्री के घर पर हमला

यह घटना ऐसे समय हुई है, जब इससे एक दिन पहले पूर्व मंत्री अंबाती रामबाबू के घर और दफ्तर पर भी हमला हुआ था। आरोप है कि टीडीपी कार्यकर्ताओं ने उनके घर में तोड़फोड़ की और आगजनी की। इस बीच अंबाती रामबाबू को मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ कथित आपत्तिजनक बयान देने के मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### रेड्डी ने बताया जंगल राज

वाईएसआरसीपी अध्यक्ष और पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने आंध्र प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराने का आरोप लगाया। रेड्डी ने कहा कि राज्य में जंगल राज कायम हो गया है। सरकार के खिलाफ बोलने वालों की आवाज दबाने के लिए उन पर जानलेवा हमले कराए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मौके पर मौजूद थी।

### भीड़ ने की हत्या की कोशिश

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भीड़ ने पहले रमेश के घर पर पथराव शुरू किया। देखते ही देखते लोग बेकाबू हो गए और घर में आग लगा दी। वाईएसआरसीपी नेता भूमाना करुणाकर रेड्डी ने इसे "घिनौना कृत्य" बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भीड़ "गुस्साए सांडों" की तरह घर में घुसी और रमेश की हत्या करने की कोशिश की। जबकि रमेश पहले ही अपने बयानों पर सफाई दे चुके थे।

---

## हिल स्टेशनों पर सैलानियों की भीड़



**कुल्लू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ, किश्तवाड़, राजौरी और कुपवाड़ा समेत कई इलाकों में भारी बर्फबारी हो रही है। कुल्लू-मनाली और धर्मशाला समेत सभी हिल स्टेशनों में बर्फबारी को देखने के लिए सैलानी पहुंच रहे हैं।

---

# टैरिफ, बीटीए पर जारी तनाव के बीच अमेरिका की यात्रा करेंगे विदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



50 फीसदी टैरिफ, द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की वजह से संबंधों में बने हुए तनाव के बीच सोमवार (2 से 4 फरवरी तक) से विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अमेरिका की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका उद्देश्य अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा जटिल खनिजों पर आयोजित की जाने वाली एक मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का नेतृत्व करना है। विदेश मंत्रालय ने 2 फरवरी को एक बयान जारी कर बताया कि इस बैठक के दौरान भाग लेने वाले तमाम भागीदार देशों के प्रतिनिधि सप्लाई चेन के लचीलेपन, स्वच्छ ऊर्जा ट्रांसमिशन और जटिल खनिजों पर रणनीतिक सहयोग जैसे मुद्दों पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करेंगे।

### टैरिफ संग इन मुद्दों पर भी तनातनी

भारत और अमेरिका के मौजूदा संबंधों में केवल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ का मामला ही शामिल नहीं है। बल्कि इसमें समय-समय पर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए संघर्षविराम के जरिए दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने का श्रेय लेने का मसला भी शामिल है।

---

*2,60,000 रुपए किलो चांदी, 10 ग्राम सोना 1.52 लाख रुपए*

# चांदी 52,000 रुपए और टूटी, सोना 12,800 रुपए कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमतें लगातार तीसरे दिन तेजी से गिरीं। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में यह 52,000 रुपए टूटकर 2.60 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि कमजोर वैश्विक रुझानों और मजबूत डॉलर के बीच सोना टूटकर 1.52 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 52,000 रुपए, या लगभग 17 प्रतिशत टूटकर 2,60,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। शनिवार को, चांदी 19 प्रतिशत, या 72,500 रुपये गिरकर 3.12 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गई थी।

### अमेरिका-ईरान तनाव घटने का असर

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में जिंस विश्लेषक, मानव मोदी ने कहा,'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क बातचीत के बीच डॉलर में उछाल और अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने के कारण सोने और चांदी में गिरावट आई।



### वैश्विक बाजार में दिखी मंदी

वैश्विक बाजार में, सोने और चांदी ने मंदी का रुख दिखाया, जिसमें हाजिर सोना 83.75 डॉलर या 1.72 प्रतिशत टूटकर 4,781.60 डॉलर प्रति औंस रह गया। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, प्रवीण सिंह ने कहा, हाजिर सोने ने सप्ताह की शुरुआत नकारात्मक रुख के साथ की।


### मार्जिन बढ़ने से कीमतों पर दबाव

सेबी रजिस्टर्ड कमोडिटी एक्सपर्ट अनुज गुप्ता ने कहा कि शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज ने कॉपर के बाद अब सोने और चांदी पर भी मार्जिन मनी बढ़ा दी है। सोने पर मार्जिन 6% से बढ़ाकर 8% कर दिया है। वहीं चांदी पर इसे 11% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया है। मार्जिन बढ़ने से कीमतों पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। कमोडिटी मार्केट में जब कोई बड़ा सौदा करता है, तो उसे पूरे पैसे तुरंत नहीं देने होते। उसे कुल कीमत का एक छोटा हिस्सा सिक्योरिटी के तौर पर जमा करना पड़ता है, जिसे 'मार्जिन' कहते हैं।

## चिंतन

# संसद की गरिमा बनाए रखना सबका दायित्व

लोकसभा में कांग्रेस सांसद एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी के हालिया भाषण के दौरान हुआ हंगामा केवल एक राजनीतिक टकराव नहीं था, बल्कि इसने संसद की गरिमा, नियमों की मर्यादा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों को फिर से केंद्र में ला खड़ा किया। नेता प्रतिपक्ष द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के हवाले से चीन की घुसपैठ का जिक्र किए जाने पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताया, जिसके बाद सदन में व्यवस्था बाधित हुई। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यहां सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल अपनी बात मजबूती से रखें, बल्कि स्थापित नियमों, गरिमा और परंपराओं का भी पालन करें। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा अत्यंत संवेदनशील होती है। ऐसे में किसी अप्रकाशित पुस्तक या लीक अंशों के आधार पर बयान देना स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि अप्रकाशित सामग्री का हवाला देना सदन के नियमों के खिलाफ है, प्रक्रियात्मक दृष्टि से उचित माना जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर, विपक्ष का तर्क भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रतिष्ठित पूर्व सैन्य अधिकारी के कथित अनुभवों के आधार पर सरकार की नीतियों और निर्णयों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, तो उन सवालों को सुनना भी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। अखिलेश यादव का यह कहना कि चीन से जुड़ा मामला देश की सुरक्षा से संबंधित है और उस पर चर्चा होनी चाहिए, विपक्षी दृष्टिकोण को दर्शाता है। असल समस्या यहां "स्रोत की प्रमाणिकता" बनाम "मुद्दे की गंभीरता" की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बार-बार नियमों का हवाला देते हुए राहुल को संयम बरतने की सलाह दी। नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे जो भी तथ्य सदन में रखें, वे निर्विवाद और आधिकारिक हों। प्रियंका गांधी के उदाहरण का उल्लेख कर स्पीकर ने स्पष्ट संकेत दिया कि तथ्य यदि प्रमाणिक हों, तो उन्हें रखने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। चीन की घुसपैठ, रेजांग ला, रेचिन ला की घटनाएं और 2020 के तनावपूर्ण हालात देश पहले ही देख चुका है। ऐसे में यदि कोई बयान सेना और सरकार के बीच संवाद को लेकर संदेह पैदा करता है, तो उसका प्रभाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक और रणनीतिक भी हो सकता है। इसी कारण सत्ता पक्ष का यह आग्रह कि ऐसी बातों को सार्वजनिक मंच पर कहने से पहले पूरी तरह सत्यापित किया जाए, समझ में आता है। अग्निवीर योजना को लेकर नरवणे के कथित विचारों का जिक्र भी विवाद का एक अहम बिंदु रहा, लेकिन फिर वही सवाल कि क्या ऐसे दावे आधिकारिक रूप से उपलब्ध हैं, या केवल लीक अंशों और लेखों पर आधारित हैं? संसद में बहस भावनाओं से नहीं, तथ्यों से चलनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम से एक बात साफ है संसद की गरिमा बनाए रखना केवल स्पीकर या सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उसके साथ मर्यादा और नियमों का पालन अनिवार्य है। अंततः, संसद का उद्देश्य हंगामा नहीं, समाधान है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर गंभीर, तथ्यपरक और जिम्मेदार चर्चा की आवश्यकता है। तभी संसद अपनी गरिमा बनाए रख सकेगी और लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी।



चर्चा
अखिलेश आर्यन्दु

# वेनेजुएला-भारत संबंध नई ऊंचाई पर

> नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहुलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

विश्व के बदलते परिदृश्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। इसकी अधिक चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि अमेरिका द्वारा वहां के पूर्व राष्ट्रपति को बंधक बनाकर अमेरिकी जेल में डालने (और दुनिया के तमाम देशों द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप की इस दबंगई की निंदा) के बाद यह माना जा रहा था कि शायद ट्रंप का अगला कदम ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हो सकता है। अभी तक भारत इंतजार करो और देखो की नीति (भूमिका) अपनाए हुए था। ऐसे में अचानक वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति से विस्तार से वार्ता पर अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देशों की निगाहें टिकी हैं। चर्चा यह भी हो रही है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका को इस वार्ता के जरिए अपना रुख साफ कर दिया है। गौरतलब है कि इस टेलीफोन वार्ता ने वैश्विक ऊर्जा राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।

वार्ता मुख्यतः तेल और उसकी धार पर आधारित होने की वजह से भारत को तेल निर्यात करने वाले देश इस वार्ता के बाद भारत के अगले कदम की प्रतीक्षा करने लगे हैं। खासकर रूस और अरब देश। यह वार्ता कई मायने में खास मानी जा रही है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहुलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। यह भी दावा किया कि अब भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। गौरतलब है भारत ने 2019 से वेनेजुएला से तेल खरीदना बंद कर दिया था। यह वह दौर था जब अमेरिका ने वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए थे, यानी जो भी देश वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जाएगा। भारत भी वेनेजुएला से 2019 के पहले अपने तेल आयात का 6 प्रतिशत तेल खरीदता था, लेकिन अमेरिका के जरिए वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध के बाद उसे अपनी तेल आयात नीति में बदलाव करना पड़ा था। अब फिर दोनों देशों में संशोधित नीति के तरह भारत ने अपनी पुरानी नीति को आगे बढ़ाते हुए 30 जनवरी 2026 को तेल खरीदने पर एक नई सहमति बनी है। वैसे भारत ने 2024 में अमेरिका ने वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध कुछ ढीले किए तो 2023-24 में पुनः तेल खीदना शुरू किया था, लेकिन यह खरीदारी बहुत मामूली थी। तेल के आयात में लगातार वृद्धि होती रही, जो 2025 में बढ़कर तकरीबन 1.41 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह वह दौर था जब अमेरिका की नज़र वेनेजुएला पर तिरछी नहीं हुई थी। मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर वेनेजुएला पर सख्ती बढ़ा दी, तब भारत ने वेनेजुएला से तेल का आयात कम कर दिया। भारत की तेल कंपनियां बगैर अमेरिका से अनुमति लिए वेनेजुएला से सीधे तेल नहीं



खरीद सकतीं। इसलिए भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस ने अमेरिका के यूएस स्टेट डिपार्मेंट और यूएस ट्रेजरी डिपार्मेंट से बातचीत करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि 2025 में रिलायंस ने वेनेजुएला से 63,000 बेरल तेल खरीदा था। मार्च 2025 के बाद अमेरिका ने तेल खरीदने का मिला लाइसेंस रद्द कर दिया और वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी-भरकम टैरिफ थोपने की धमकी दी। इसका असर यह हुआ कि मई 2025 के बाद वेनेजुएला से कोई तेल का जहाज भारत के लिए रवाना नहीं हुआ।

अब अप्रत्यक्ष रूप से वेनेजुएला की तेल रिफाइनरियों पर अमेरिका का कब्जा है। ट्रंप अब खुलकर बोलने लगे हैं कि बगैर उसकी अनुमति के कोई भी देश वेनेजुएला से तेल नहीं खरीदेगा। यदि कोई देश वेनेजुएला से तेल खरीदता है तो उसकी रकम अमेरिका ही वसूल करेगा। ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया है कि वेनेजुएला की राष्ट्रपति अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल तेल सौंपेंगी और उस तेल को अमेरिका दुनिया के बाजार भाव से बेचेगा। यानी तेल की हर बूंद पर अमेरिका अपने कब्जे में लेना चाहता है। सवाल यह है कि क्या भारत-वेनेजुएला की ताजा सहमति (डील) तेल को लेकर बनी है, वह अमेरिकी राष्ट्रपति की सहमति से हुई है? यह सवाल इसलिए वाजिब लग रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि 5 करोड़ बैरल तेल से हुई आय का इस्तेमाल वेनेजुएला-अमेरिका के लोगों के कल्याण के लिए किया जाएगा। इसी के साथ सवाल यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे तय करेंगे कि वेनेजुएला के लोगों का कल्याण या जरूरत किस तरह की है? भारत वेनेजुएला से आयातित तेल का पैसा किसे सौंपेगा-वेनेजुएला को, या अमेरिका को? यदि अमेरिका को तेल की रकम भारत सौंपता है तो इसका मतलब वेनेजुएला से तेल के संबंध में मोदी और वेनेजुएला की राष्ट्रपति से बातचीत का कोई मायने समझ में नहीं आता है। इसलिए वेनेजुएला के हालात जब तक सामान्य न हो जाएं, तब तक वेनेजुएला से तेल खरीदना भारत के लिए कितना फायदेमंद रहेगा, इस पर विचार करने की बेहद जरूरत है।

तेल आयात से निकल कर यदि हम वेनेजुएला से हुई बातचीत से निकले निष्कर्ष पर नज़र डालें तो पाएंगे कि दोनों देश के प्रमुखों ने ऊर्जा, कृषि, विज्ञान, प्रोद्यौगिकी, तकनीक, उद्योग, माइनिंग, पर्यटन और आटोमोटिव सेक्टर्स पर विस्तार से चर्चा की। इन्हें 2026 में आगे बढ़ाने पर सहमति भी दिखाई देती है, लेकिन सवाल यह है कि जब तक ट्रंप की कूटनीति साफ नहीं होती और अचानक कुछ भी निर्णय लेने और जबरन भारत या वेनेजुएला पर थोपने का उनका संशय बना रहेगा, तब तक इन सहमतियों पर निर्भीकता के साथ क्या आगे बढ़ना आसान होगा? वेनेजुएला-भारत की हुई सहमतियों को खारिज कर अमेरिका अपनी धमकी वाली नीति लागू कर दे, कौन जानता है? हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने पर किस तरह ट्रंप टैरिफ सहित किस तरह की धमकियां भारत को देते रहे हैं। भारत की यह नई पहल मामूली नहीं है, ट्रंप यह क्यों चाहेंगे कि भारत सीधे वेनेजुएला से सभी सरह के व्यापारिक हित साधे और उसे नजरअंदाज करे। क्या भारत को वेनेजुएला से आपसी सामरिक हितों की बात करते हुए यह साफ करने की जरूरत नहीं है कि नई सहमतियों को आगे बढ़ाने में संभावित बाधाओं से कैसे पार पाया जाएगा? क्योंकि अमेरिका अभी तेल सहित तमाम मुद्दों पर भारत के हर कदम को अपने निजी हितों से जोड़कर देखेगा, वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति को अधिकार देने और उक्त पद पर बिठाने की जैसी नीति अमेरिका की अभी तक रही है, वह तेल देखो और तेल की धार देखो के इर्द-गिर्द रही है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

सुनील कुमार महला



# मीर तकी मीर : दर्द को गीत बनाने वाला शायर

साहित्यकार, उर्दू साहित्य के महानतम शायर मीर तक़ी मीर (1723–1810) का 3 फरवरी को जन्मदिन मनाया जाता है। मीर तकी मीर सिर्फ़ ग़ज़ल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज़ थे। मीर उर्दू ग़ज़ल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। पाठकों को बताता चलूं कि उन्हें 'ख़ुदा-ए-सुख़न' यानी कि शायरी का ख़ुदा/ भगवान कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती है। उर्दू ही नहीं, फ़ारसी भाषा पर भी उनकी मज़बूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है जिसमें फ़ारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका जन्म आगरा में तथा मृत्यु लखनऊ में हुई।

मीर तक़ी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया। उनका मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियों की यदि हम यहां पर बात करें तो इनमें क्रमशः ज़िक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दू रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फ़ारसी (फ़ारसी रचनाओं का संग्रह), फ़ैज़-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फ़ारसी ज़बान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की ज़िंदगी मुफ़लिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एक बार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने ग़म जमा किए तो दीवान किया।' कहना ग़लत नहीं होगा कि दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' गौरतलब है कि नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल़-ए-मुमतऩा' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज़ जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो। महान शायर मिर्जा ग़ालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि ग़ालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना।




ग़ालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-' रेख़्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो ग़ालिब, कहते हैं अगले ज़माने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क़ है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाज़ुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज़ आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्म स्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुक़ाबला कौन करे।' मीर सिर्फ़ उर्दू ग़ज़ल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज़ हैं।

उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे ज़ख़्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फ़ारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और ग़ज़ल को आत्मा की आवाज़ बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ़ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हड़बड़ी न करें, क्योंकि धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है!



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र है



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहा: मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## शिव प्रतिमा



हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में सोमवार को खिली धूप वाले में धौलाधार रेंज की बर्फ से ढकी चोटी पर भगवान शिव की बन रही मूर्ति।

## आज की पाती

### शादियों में लुप्त होती लोक संस्कृति

शादियों में अकसर जो लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, अब यह शादियों में कम ही सुनने को मिलते हैं। यही नहीं कुछ समय पहले तक तो शादी तीन-चार दिन तक चलती थी, सभी रिश्तेदार एक साथ मिल बैठते, इससे रिश्तों की डोर मजबूत होती थी। शादियों में ऐसे लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, जिनमें लोक सभ्यता, संस्कृति और इतिहास की खुशबू आती थी। लेकिन अफसोस अब हमारी शादियों पर भी पश्चिमी सभ्यता का रंग चढना शुरू हो गया, इस कारण न तो शादियों में वो पुराने लोकगीत सुनने को मिलते और न ही वो खान-पान। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को रिश्तों की कद्र करना सिखानी है, तो हमें अपनी लोक संस्कृति की विरासत को संभालकर रखना होगा।

**- मिलींद जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय बढ़ोतरी



दिल्ली में केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही योजनाओं के बजट में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। हम इस बढ़े हुए प्रावधान का अधिकतम लाभ उठाकर हर योजना को तेज गति से जमीन पर उतारेंगे, ताकि दिल्लीवासियों तक पूरा लाभ पहुंचे और विकसित दिल्ली का निर्माण हो पाए।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**


### स्वास्थ्य सेवा मॉडल



गोवा को वास्तविक स्वास्थ्य सेवा और ईमानदार सरकार की ज़रूरत है जो इसे लागू कर सके। पोंडा टाउन हॉल में, मैंने बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी का सिद्ध स्वास्थ्य सेवा मॉडल हर गोवावासी के लिए आशा और गुणवत्तापूर्ण देखभाल ला सकता है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### प्रदेश से सौतेलापन



देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का बजट भाषण में कोई मेंशन न होना प्रदेश के साथ हो रहे सौतेलेपन की झलक है। कुल मिलाकर डबल इंजन के बावजूद यह बजट राजस्थान के लिए 'ऊंची दुकान फीका पकवान' साबित हुआ है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### बजट में नहीं समाधान



मोदी सरकार के पास अब सोच की कमी है, आईडिया खत्म हो गए हैं। आम बजट 2026 भारत की कई आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का एक भी समाधान नहीं देता है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवागमन के लिए फिर खुली



मिस्र और इजराइल के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि गाजा की मिस्र से सटी रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवाजाही के लिए फिर से खोल दी गई है, जो हमास के साथ संघर्षविराम के आगे बढ़ने की दिशा में एक अहम कदम है। मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि क्रॉसिंग को खोले जाने के पहले दिन 50 फलस्तीनी आ-जा सकेंगे, लेकिन इसके खुलने के पहले घंटे में किसी को भी वहां से गुजरते नहीं देखा गया। मिस्र के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले लगभग 20,000 फलस्तीनी बच्चे और वयस्क इस सीमा मार्ग से तबाह गाजा से बाहर निकलने की उम्मीद कर रहे हैं। क्षेत्र से बाहर रहने वाले हजारों अन्य फलस्तीनी भी इस सीमा मार्ग से प्रवेश करने और अपने घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। मिस्र के सरकारी मीडिया और एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने भी सीमा क्रॉसिंग दोबारा खुलने की पुष्टि की। अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। युद्ध से पहले, रफाह गाजा में आने-जाने वाले लोगों के लिए मुख्य मार्ग था। इस क्षेत्र के कुछ अन्य मार्ग भी हैं जो इजराइल के साथ जुड़ते हैं।

## ऑफ बीट

# एआई को लिखने और गिनने में क्यों होती है कठिनाई



एआई छवि जनरेटर क्या उत्पादन कर सकते हैं और हम क्या कर सकते हैं, के बीच एक अजीब असमानता बनी हुई है। उदाहरण के लिए, ये उपकरण अक्सर वस्तुओं की गिनती और सटीक पाठ तैयार करने जैसे सरल दिखने वाले कार्यों के लिए संतोषजनक परिणाम नहीं देते हैं। यदि जनरेटिव एआई रचनात्मक अभिव्यक्ति में इतनी अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंच गया है, तो इसे उन कार्यों के साथ संघर्ष क्यों करना पड़ता है जिन्हें एक प्राथमिक विद्यालय का छात्र भी अच्छे से कर सकता है? अंतर्निहित कारणों की खोज से एआई की जटिल संख्यात्मक प्रकृति और इसकी क्षमताओं की बारीकियों पर प्रकाश डालने में मदद मिलती है। लेखन में एआई की सीमाएँ मनुष्य विभिन्न फ़ॉन्ट और लिखावट में लिखे गए पाठ प्रतीकों (जैसे अक्षर, संख्या और चिन्हों) को आसानी से पहचान सकते हैं। हम विभिन्न संदर्भों में भी पाठ तैयार कर सकते हैं, और समझ सकते हैं कि संदर्भ कैसे अर्थ बदल सकता है। वर्तमान एआई छवि जनरेटर में इस अंतर्निहित समझ का अभाव है। उन्हें इस बात की कोई सच्ची समझ नहीं है कि किसी पाठ प्रतीक का क्या मतलब है। ये जनरेटर बड़ी मात्रा में छवि डेटा पर प्रशिक्षित कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क पर बनाए गए हैं, जिससे वे संबंधों को 'सीखते हैं' और भविष्यवाणियां करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### व्हीलचेयर पर बैठ विस पहुंचे तेजस्वी यादव



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को व्हीलचेयर पर बिहार विधानसभा पहुंचे। उन्होंने बताया कि पैर के अंगूठे में चोट लगने के कारण उन्हें चलने में दिक्कत हो रही है। राज्यपाल द्वारा बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों को संबोधित किये जाने के बाद 36 वर्षीय नेता प्रतिपक्ष पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राज्य की नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार द्वारा तैयार किया गया था और इसमें विकास की गुलाबी तस्वीर पेश की गई।

जबकि विकास के अधिकांश सूचकों में बिहार कई अन्य राज्यों से पीछे है पूर्व उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, /"सरकार इस बात पर चुप है कि ऐसा क्यों है, जबकि हमारे मुख्यमंत्री पिछले 20 साल से सत्ता में हैं। इसके अलावा दुष्कर्म, हत्याएं व अन्य अपराध लगातार हो रहे हैं और सरकार का कानून-व्यवस्था का दावा खोखला साबित हो रहा है। बिहार में 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व कर रही राजद के कार्यकारी अध्यक्ष ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर भी निशाना साधा।उन्होंने कहा, अब बजट चुनावी स्टंट बनकर रह गए हैं।

वांगचुक की एनएसए के तहत हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- सोनम वांगचुक चाहते हैं कि लद्दाख बन जाए नेपाल-बांग्लादेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रीम कोर्ट में सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और प्रसन्ना बी वराले की पीठ के समक्ष केंद्र सरकार ने कहा कि वांगचुक के बयान राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। केंद्र ने उनकी हिरासत को जरूरी बताते हुए कहा कि वे लद्दाख को नेपाल और बांग्लादेश बनाना चाहतें हैं।



### युवाओं को आत्मदाह के लिए उकसा रहे थे- केंद्र

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वांगचुक को जनमत संग्रह और जनमत सर्वेक्षण की मांग करके जहर फैलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने लद्दाख को रणनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र बताते हुए कहा कि वह देश की रक्षा और सीमा पर तैनात बलों के लिए आपूर्ति श्रृंखला के लिए महत्वपूर्ण है। मेहता ने आरोप लगाया कि वांगचुक युवाओं को आत्मदाह के लिए उकसा रहे थे।

### केंद्र ने एनएसए का बचाव किया

मेहता ने कोर्ट में वांगचुक के बयान का हवाला देकर कहा कि वे क्षेत्र तय करने के अधिकार की बात करते हैं। मेहता ने कहा, जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा होने के नाते, चीन के साथ सीमा साझा करने वाले क्षेत्र होने के नाते, आप कहते हैं कि यह मेरा अधिकार है कि मैं तय करूं कि मैं किससे संबंधित हूं या किसमें विलय करूं। यदि यह एनएसए हिरासत का मामला नहीं है, तो कोई भी मामला नहीं हो सकता।

### एनएसए के तहत जेल में बंद हैं वांगचुक

सितंबर 2025 में लेह में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और केंद्र शासित प्रदेश के लिए छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांगों को लेकर हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुआ था। इसके बाद वांगचुक को एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया और राजस्थान के जोधपुर केंद्रीय जेल भेज दिया गया। इससे पहले 29 जनवरी को वांगचुक ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उन्होंने अरब स्प्रिंग संबंधी बयान नहीं दिया, और उन्हें सरकार की आलोचना करने का अधिकार है।

## धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर केंद्र और राज्यों से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों को नोटिस जारी किया है। बेंच ने निर्देश दिया कि इस मामले से जुड़ी सभी समान याचिकाओं को एक साथ टैग किया जाए। केंद्र और राज्यों को अपने जवाबी हलफनामे दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का वक्त दिया गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकारों ने जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए ये कानून बनाए हैं और उनका जवाब करीब-करीब तैयार है। मामले के महत्व को देखते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि अब इस पर तीन जजों की बेंच एक निश्चित तारीख पर सुनवाई करेगी।

### दोनों पक्षों ने रखा अपना-अपना पक्ष

कोर्ट में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से गुजारिश किया कि कई याचिकाएं लंबित हैं और मामला राज्यों की विधायी शक्तियों से जुड़ा है, इसलिए सभी को एक साथ सुना जाना चाहिए। दूसरी तरफ, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ओडिशा और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों के कानूनों को पहले चुनौती नहीं दी गई थी, लेकिन अब कई राज्यों में इन कानूनों के जरिए लोगों को परेशान किया जा रहा है। कोर्ट ने इन चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी करने का फैसला किया।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि कई राज्यों में इन कानूनों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है।

*इंटरनेशनल साइबर गैंग पर बड़ा एक्शन*

## सीबीआई ने मारे 10 राज्यों के 35 ठिकानों पर एक साथ छापे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय जांच ब्यूरो ने साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान 'ऑपरेशन साइ-स्ट्राइक' शुरू किया है। इस अभियान में सीबीआई ने अमेरिका की एफबीआई, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया। 30 जनवरी 2026 को शुरू हुए इस मल्टीनेशनल ऑपरेशन के तहत सीबीआई ने देश के 10 राज्यों और दिल्ली में एक साथ छापेमारी की। दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में 35 ठिकानों पर कार्रवाई की गई।

### विदेशी नागरिकों को बनाया जा रहा था निशाना

सीबीआई के मुताबिक, ये साइबर गिरोह अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत के लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बना रहे थे। आरोपी फर्जी नामों और पहचान के जरिए लोगों से पैसे ऐंठते थे।

### दिल्ली से चल रहा था ठगने वाला नेटवर्क

छापेमारी के दौरान सीबीआई ने दिल्ली से ऑपरेट हो रहे एक ऐसे साइबर ठगी नेटवर्क का पर्दाफाश किया, जो अमेरिकी नागरिकों को निशाना बना रहा था। यहां से बड़ी संख्या में लैपटॉप, मोबाइल फोन और हार्ड डिस्क बरामद की गईं, जिनमें ठगी से जुड़े अहम डिजिटल सबूत मिले। इस मामले में एक मुख्य आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया।

### फर्जी कुवैत ई-वीजा का जाल

सीबीआई ने एक और बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जो फर्जी कुवैती ई-वीजा और नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे वसूल रहा था। यह गिरोह फर्जी वेबसाइट के जरिए काम कर रहा था। इस नेटवर्क की गतिविधियां दिल्ली, गाजियाबाद और कर्नाटक से संचालित हो रही थीं। छापेमारी में फर्जी कुवैत ई-वीजा, जॉब ऑफर लेटर, कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और 60 लाख रुपये नकद बरामद किए गए।

ईरानी सेना चीफ ने ट्रंप को चेताया

## एक छोटी सी भी गलती की तो जल उठेगा पूरा अमेरिका

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई गलती हुई तो कोई अमेरिकी सुरक्षित नहीं रहेगा और क्षेत्र की आग अमेरिका तथा उसके सहयोगियों को जला डालेगी।

दूसरी तरफ तनाव को कम करने के लिए कूटनीतिक रास्ते भी तलाशे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच आने वाले दिनों में बड़ी वार्ता होने की संभावना जताई गई है। ईरानी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ अब्द अल-



रहीम मौसवी का ये बयान ऐसे वक्त में आया है, जब अमेरिकी नौसेना ईरान के पास सैन्य तैनाती बढ़ा रही है। बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि ईरान वाशिंगटन के साथ गंभीर बातचीत कर रहा है। हालांकि, ट्रंप ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया है।

### 'हमले का देंगे मुंहतोड़ जवाब'

ईरानी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ अब्द अल-रहीम मौसवी ने कहा, 'दुश्मन की छोटी-सी गलती हमें कार्रवाई करने की खुली छूट दे देगी। जब दुनिया एक शक्तिशाली ईरान का एक अलग रूप देखेगी और तब कोई अमेरिकी सुरक्षित नहीं रहेगा। साथ ही इस क्षेत्र में लगी आग अमेरिका और उसके सहयोगियों को जला देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरानी सशस्त्र बल किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध छिड़ गया, तो क्षेत्रीय प्रतिरोध के पुरुष और महिलाएं इस क्षेत्र से बाहरी लोगों की मौजूदगी को पूरी तरह मिटा देंगे।

## प्रेमी संग मिलकर महिला ने की पूर्व प्रेमी की हत्या

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कातिल प्रेमिका के खौफनाक प्यार की कहानी सामने आई है. यहां एक महिला ने अपने दूसरे प्रेमी के साथ मिलकर पहले प्रेमी की बेरहमी से हत्या कर दी. हत्या के बाद शव को कंबल में लपेटकर नाले में फेंक दिया गया ताकि पहचान छुपाई जा सके. पुलिस ने 24 घंटे के भीतर इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा कर आरोपी प्रेमिका और उसके दूसरे आशिक को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के सरवट फाटक के पास की है. रविवार को नाले से एक अज्ञात युवक का शव कंबल में लिपटा हुआ बरामद हुआ था. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. बाद में शव की पहचान पुरकाजी थाना क्षेत्र के हरीनगर गांव निवासी संजीव उर्फ जीवन के रूप में हुई. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घुटने से होना सामने आया।

मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि शनिवार दोपहर संजीव घर से यह कहकर निकला था कि वह शहर में अपनी एक महिला मित्र से मिलने जा रहा है. इसके बाद वह वापस नहीं लौटा. इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को संजीव की महिला मित्र सोनिया पर शक हुआ. पुलिस ने सोनिया को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने पूरे मामले का खुलासा कर दिया. सोनिया ने बताया कि उसकी ससुराल हरसोली गांव में है और वहां उसका प्रेम प्रसंग सादिक नाम के युवक से चल रहा था।

### पत्नी के हत्यारोपी को दोहरी उम्रकैद की सजा

**अलाप्पुझा।** केरल में अलाप्पुझा की एक अदालत ने पत्नी की हत्या करने के जुर्म में सोमवार को एक व्यक्ति को दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई। अलाप्पुझा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भारती एस. ने चेरथला के पास पल्लीपुरम के निवासी राजेशकुमार उर्फराजन (47) को 18 मई, 2024 को पत्नी एंबिली की हत्या के लिए सजा सुनाई। अदालत ने धारा 341 के तहत एक महीने का साधारण कारावास जबकि धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया। इसके अलावा धारा 397 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एंबिली ने राजेशकुमार से उसके विवाहेत्तर संबंधों के बारे में पूछा, जिसके बाद वह गुस्सा हो गया। इसके बाद 18 मई 2024 को चाकू से 17 वार किए, जिसके कारण एंबिली की मौत हो गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार राजेशकुमार बैंक कलेक्शन एजेंट के तौर पर काम करने वाली एंबिली का फोन और 50 हजार रुपये ले गया था।

## कोलकाता में दो गुटों के बीच झड़प, जमकर चले बम-गोली

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता का पॉश इलाका गोलपार्क रविवार रात रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। रवींद्र सरोवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंकुलिया रोड पर दो गुटों के बीच जबरदस्त झड़प हुई, जिसमें जमकर देसी बम फेंके गए और गोलियां चलाई गईं। इस हिंसा में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उग्र भीड़ ने सड़क पर खड़ी कई मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ की। जब सुरक्षा बल स्थिति को संभालने पहुंचे, तो उत्तेजित भीड़ ने पुलिस वाहन को भी निशाना बनाने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि हिंसा में शामिल अन्य दोषियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है और छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है।

### इलाके में वर्चस्व को लेकर भड़की हिंसा

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह पूरी हिंसा इलाके पर अपना वर्चस्व स्थापित करने के मकसद से की गई थी। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार रात करीब 8:30 बजे शुरू हुई। बताया जा रहा है कि दूसरे इलाके से आए युवकों का एक समूह कंकुलिया रोड में घुस गया जिसको लेकर विवाद हो गया। इसके बाद विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया और दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया।




भारत के पास अभी 880 टन सोना रिजर्व में है

## सोने की वजह से 'कंगाल' होगा अमेरिका? भारत -चीन ने बिगाड़ा खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आजकल दुनिया की महाशक्तियों के बीच चल रही एक 'अदृश्य जंग'। पूरी दुनिया में इस वक्त सोना खरीदने की ऐसी होड़ मची है जैसी पहले कभी नहीं देखी गई। चीन ने अपने खजाने में 2303 टन सोना जमा कर लिया है और भारत भी पीछे नहीं है, हमारे पास अब 880 टन सोना रिजर्व में है।

ये सब अचानक नहीं हो रहा। इसके पीछे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आक्रामक नीतियों का डर और अमेरिकी डॉलर की बादशाहत पर उठता भरोसा है। आखिर ऐसा क्या हो गया है कि दुनिया अब कागज के नोटों (डॉलर) के बजाय पीली धातु (सोने) पर भरोसा कर रही है?

### दुनिया की महाशक्तियों के बीच चल रही एक अदृश्य जंग

### जब नोट नहीं थे तब दुनिया कैसे चलती थी?

पूरे मामले को समझने के लिए हमें थोड़ा इतिहास में पीछे जाना होगा। आज से करीब 8 हजार साल पहले। तब न रुपया था, न डॉलर। इंसान खेती करता था और 'बार्टर सिस्टम' से काम चलाता था। मतलब, अगर आपके पास गेहूं है और आपको दूध चाहिए, तो आप ऐसे आदमी को ढूंढते थे जिसके पास दूध हो और उसे गेहूं चाहिए हो। लेकिन इसमें बड़ी दिक्कत थी.. कई बार जरूरत का मेल खाना मुश्किल हो जाता था।



### दुनिया भर के देशों के पास 6.7 लाख करोड़ डॉलर रिजर्व

दुनिया भर के देशों के पास अभी करीब 6.7 लाख करोड़ डॉलर का रिजर्व पड़ा है। ट्रम्प के पिछले रिकॉर्ड को देखें (जैसे ईरान, वेनेजुएला पर प्रतिबंध), तो देशों को डर है कि अमेरिका कभी भी उनका पैसा हड़प सकता है। यही वजह है कि अब कोई भी देश 'कागज के डॉलर' पर रिस्क नहीं लेना चाहता।

### अब क्यों डरी हुई है दुनिया?

आज के हालात पर. 2008 की मंदी और फिर कोरोना ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को हिलाया। लेकिन सबसे बड़ा झटका लगा 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान। अमेरिका ने रूस को सबक सिखाने के लिए उसका 300 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार जब्त (फ्रीज) कर दिया। इस घटना ने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी। चीन, भारत और खाड़ी देशों ने सोचा कि आज रूस के साथ हुआ है, कल अगर हमारा अमेरिका से झगड़ा हुआ, तो हमारे अरबों-खरबों डॉलर भी एक सेकेंड में मिट्टी हो जाएंगे। दुनिया को समझ आ गया कि अमेरिका डॉलर को एक 'हथियार' की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

### डूबते डॉलर को बचाने के लिए 'तेल का खेल'

जब डॉलर पर भरोसा टूटने लगा, तो अमेरिका ने एक नई चाल चली। 1974 में अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ एक गुप्त समझौता किया। सऊदी अरब के पास अथाह तेल था लेकिन सुरक्षा नहीं थी। अमेरिका ने कहा, "हम तुम्हें हथियार और सुरक्षा देंगे, बदले में तुम अपना तेल सिर्फ और सिर्फ डॉलर में बेचोगे।" यहीं से जन्म हुआ 'पेट्रोडॉलर' का।

* री-साइकिलिंग के शक में रोका गया था उठाव*

# खरीदी खत्म होने के बाद अब उठाव की चुनौती, उपार्जन केंद्रों में जमा है 85 लाख मीट्रिक टन धान, सूखत का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 31 जनवरी को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पूरी होने के बाद अब खरीद केंद्रों से समय पर धान का उठाव किया जाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। खरीदे गए धान में से करीब 85 लाख मीट्रिक टन धान जमा है। इस धान की उठाने में जितनी अधिक देरी होगी और धान में सूखत से वजह की कमी होगी। इसकी जिम्मेदारी सोसाटियों के धान खरीदी प्रभारी के सिर आएगी।

- अब परिवहन नहीं हुआ तो धान में आएगी सूखत

राज्य में धान खरीदी शुरु होने के साथ ही धान के उठाव की प्रक्रिया शुरू होती है। इस साल भी यही किया जा रहा था, लेकिन खरीदी समाप्त होने के करीब 15 दिन पहले से खरीद केंद्रों से धान का उठाव बंद करने का आदेश जारी किया गया था। इसके पीछे वजह ये बताई गई कि मिलर धान की री-साइकिलिंग की जा रही है। इसी वजह से रोक लगाई गई थी। जो धान खरीदी पूरी होने तक जारी रही। अब खरीदी पूरी होने के बाद फरवरी से धान उठाव करने की तैयारी है।



## 2316 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक

प्रदेश में इस साल की गई धान खरीदी केंद्रों में धान का उठाव से मिलर्स को प्रतिबंधित किए जाने के बाद प्रदेश के अधिकांश जिलों में उठाव नहीं हो पाया। अब धान खरीदी के बाद प्रदेश की 2740 खरीदी केंद्रों में से 2316 खरीदी केंद्रों में धान की लिमिट से अधिक बफर स्टॉक है। अब देखना है कि यहां से धान का उठाव कब तक पूरी होगी। अब तक करीब 52.93 लाख टन धान का उठाव हुआ है। समितियों में करीब 85 लाख टन धान खरीदी केंद्रों में रखा हुआ है।

## सूखत का खतरा, धान का वजन होगा कम

खरीदी केंद्रों में धान जमा होने से आने वाले दिनों में धान के वजन में कमी होने का खतरा है। दरअसल जब धान खरीदा जाता है तो उसमें 17 प्रतिशत तक नमी मान्य की जाती है। यही धान जब उपार्जन केंद्रों में कैप कवर करके रखा जाता है। लेकिन मौसम का तापमान बढ़ने से नमी कम होने लगती है और सूखने से धान का वजह कम हो जाता है। वजन में यही कमी सोसाइटियों के धान खरीदी प्रभारियों के जिम्मे आती है। वजन जितना कम होता है, उसके मुताबिक धान की वसूली सोसाइटी वालों से की जाती है। पिछले सीजन में भी परिवहन में देरी से काफी मात्रा में धान में सूखत आई थी। इस धान की भरपाई के लिए सोसाइटी प्रबंधकों से वसूली के लिए नोटिस जारी किए गए। कुछ स्थानों पर प्रबंधकों ने धान जमा किया, कुछ से धान की कीमत वूसली गई। ये दोनों काम नहीं कर पाने वालों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी हुई है। यह मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है।

# गरियाबंद की घटना की बैज ने की न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, गरियाबंद से बेहद ही दुर्भाग्यजनक खबर आ रही है, वहां के दुतकैया गांव में एक समुदाय के घरों को जला दिया गया। वहां पर एक अपराधी द्वारा फैलाए जा रहे आतंक के कारण यह घटना घटी। यह घटना पुलिस और सरकार की लापरवाही का परिणाम है।

राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, पुलिस सचेत होती, तो अराजक तत्व पर कार्रवाई करती, तो शायद यह घटना नहीं होती। मैं दोनों पक्षों से शांति की अपील करता हूं तथा घटना की न्यायिक जांच की मांग करता हूं। उन्होंने कहा, इसके पहले बलौदाबाजार, कवर्धा, बलरामपुर के बाद गरियाबंद में जनता ने कानून हाथ में लिया है। इससे साफ है, लोगों का सरकार और उसकी कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा, कल मोदी सरकार का जो बजट प्रस्तुत हुआ। उसमें एक बार फिर छत्तीसगढ़ का उल्लेख सिर्फ एक जगह है। विशेष कारीडोर में वह भी छत्तीसगढ़ की जनता के लिये नहीं छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा का दोहन उद्योगपति मित्र आसानी से कर सके।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 12/02/2026

| स. क्र. | नि.आ.सू. क्र./ नि.आ.सु. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 211/ 2025-26/ दिनांक 28/01/2026 | 184533 (प्रथम आमंत्रण) | सुकमा, जिला-सुकमा में फास्ट ट्रेक कोर्ट / जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के प्रथम तल में 01 नग न्यायालय भवन निर्माण कार्य विद्युतिकरण सहित। | 179.63 |
| 2 | 212/ 2025-26/ दिनांक 28/01/2026 | 184534 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक-बीजापुर के अन्तर्गत रेगरगट्टा नाला से चेरपाल के मध्य (लम्बाई 20 मीटर) रपटा का निर्माण कार्य। | 29.59 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभिंयता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मडल जगदलपुर

जी. 252606389/4


# पुलिस कमिश्नरेट के अफसर अगले 15 दिन में करेंगे न्यायिक शक्तियों का प्रयोग

## न्यायिक शक्तियां मिलने के बाद कार्रवाई में आएगी और तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली शुरू हुए 10 दिन हो गए हैं। कमिश्नरेट प्रणाली में पुलिस अफसरों को कानून व्यवस्था बनाए रखने न्यायिक शक्तियां प्रदान की जाती हैं। कमिश्नरेट में शामिल पुलिस अफसरों को न्यायिक शक्ति का पालन करने पॉवर मिल गए हैं।



- जिन पुलिस अफसरों को कार्यालय नहीं मिले उन अफसरों को जल्द अलॉट होंगे ऑफिस

कमिश्नरेट में शामिल अफसरों को किन न्यायिक शक्तियों का पालन करना है, यह एक दो दिन में तय हो जाएगा। इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। शुक्रवार तथा शनिवार को पहले चरण में पुलिस अफसरों को दो दिवसीय ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों को न्यायिक शक्तियां मिल चुकी हैं। आगामी 15 दिन के भीतर पुलिस अफसरों के लिए कोर्ट रूम बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद संबंधित अफसरों के बीच न्यायिक शक्तियों का बंटवारा कर दिया जाएगा। इसके बाद पुलिस अफसर अपने अधिकार क्षेत्र में अपनी न्यायिक शक्तियों का उपयोग करते हुए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। राजधानी पुलिसिंग में बदलाव होने के बाद सिस्टम में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। राजधानी के साथ ग्रामीण पुलिसिंग में कसावट आई है।

### संगठित गिरोह को तोड़ना बड़ी चुनौती

पुलिस ने अब तक जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, वो सभी सतही स्तर के बदमाश हैं। राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में संगठित गिरोह से जुड़े बदमाश अब भी गांजा बिक्री कराने के साथ अन्य तरह के अपराध कर या करवा रहे हैं। सफेद पोश जुआ संचालित करवाने के साथ बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करवा रहे हैं। ऐसे संगठित अपराध से जुड़े बदमाश पुलिस की कार्रवाई शुरू होने पर कुछ दिनों के लिए अपना काम बंद कर देते हैं। पुलिस कार्रवाई धीमी होने के बाद संगठित गिरोह से जुड़े बदमाश पुनः अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### जल्द ही कोर्ट रूम

पुलिस कमिश्नरेट में शामिल अफसर जल्द ही बदमाशों के खिलाफ अपनी न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे। कमिश्नरेट में शामिल जिन अफसरों को ऑफिस नहीं मिला है, उनके लिए भी जगह तय कर ली गई हैं। कमिश्नरेट के अफसरों के लिए जल्द ही कोर्ट रूम तैयार कर लिया जाएगा।

- डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर

### बदमाशों के खिलाफ थोक में कार्रवाई

शहरी पुलिस को तीन जोन में बांटकर डीसीपी के दिशा निर्देश पर पुलिस अलग-अलग जोन में बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने महज एक सप्ताह के भीतर तीन सौ के करीब बदमाशों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही स्थायी तथा फरार वारंटियों की पतासाजी तेज हो गई है।

### मादक पदार्थ के लिए इंटर स्टेट गैंग सक्रिय

पूर्व में मादक पदार्थ की तस्करी के नाम पर केवल गांजा तथा शराब और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़े बदमाश शामिल थे। पिछले एक दशक में राजधानी में हेरोइन, कोकीन, एमडीएमए जैसे मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं। हेरोइन, कोकीन तथा एमडीएमए जैसे घातक नशा का कारोबार दूसरे राज्य के ड्रग पैडलर रायपुर में आकर अपने गुर्गे तैयार कर करते हैं। ऐसे इंटर स्टेट गिरोह पर पुलिस को लगाम लगाने की आवश्यकता है। होरेइन, कोकीन, एमडीएमए जैसे घातक नशा का कारोबार में ज्यादातर संपन्न वर्ग से जुड़े परिवार के युवा करते हैं। वीआईपी रोड, विधानसभा रोड स्थित कई क्लब में टेक्नो पार्टी की आड़ में सूखा नशा का कारोबार संचालित होता है। मुंबई, दिल्ली से ड्रग पैडलर यहां एमडीएमए जैसे सिंथेटिक नशा की डीलीवरी देने के लिए आते हैं।

# एससीआर गठन की प्रक्रिया पूरी अंकित आनंद हो सकते हैं सीईओ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में नवा रायपुर, रायपुर, दुर्ग और भिलाई को मिलाकर एससीआर गठन करने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। अब जल्द ही इसके मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की जाएगी। राज्य सरकार आवास पर्यावरण सचिव अंकित आनंद को सीईओ के पद पर नियुक्त कर सकती है। सीईओ की नियुक्ति के बाद एससीआर संचालक मंडल की बैठक में इसका मास्टर प्लान और नई विकास गाइडलाइन तय की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने नवा रायपुर सहित तीन शहर को मिलाकर स्टेट कैपिटल कैपिटल रीजन बनाने की घोषणा की थी।

# जर्जर सड़क डामरीकरण की मांग को लेकर गांधी सदन में धरना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित शहीद हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के मौदहापारा मुख्य मार्ग में डामरीकरण की मांग कोलेकर वार्ड पार्षद शेख मुशीर ने महात्मा गांधी सदन पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे धरना दिया। मौदहापारा के मुख्य मार्ग में हांडी वाले बाबा के दरगाह शरीफ के सामने भाजपा कार्यालय और जेलरोड की सड़क के खस्ताहाल होने के बाद भी सड़क निर्माण के लिए 11 लाख की स्वीकृति नहीं मिलने वे नाराज हैं। उनका ये कहना है कि पिछले 11 माह से वे अपने वार्ड की सड़क के लिए निगम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार आश्वासन मिलता है। मौदहापारा मुख्य मार्ग के लिए 11 लाख की स्वीकृति नहीं मिलने से वहां की सड़क खस्ताहाल है।


**कार्यालय नगर पंचायत कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
Phone No. 07764-250419 Email Id- nagarpanchayatkunkuri@gmail.com

क्र./1217/न.पं./ लो.नि.वि./2025-26 कुनकुरी, दिनांक 02/02/26

**// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 13.02.2026 सायं 04:30 बजे तक निम्नलिखित कार्यो की मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा प्रपत्र फार्म |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड क्रमांक 05 में पुरानी बस्ती से जैन मंदिर तक बी टी रोड निर्माण कार्य (चतुर्थ निविदा) | 7.38 | A |
| 2 | वार्ड क्रमांक 03 में तुलसी घर से बाज़ार रोड तक एवं प्रेमप्रसाद घर से पम्प हाउस तक बी टी रोड निर्माण कार्य (चतुर्थ निविदा) | 7.17 | A |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुनकुरी



**छत्तीसगढ़ संवाद**
(छत्तीसगढ़ शासन, जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर फोन नं. 0771-2512536

क्रमांक /4747/ छ.ग.सं/स्थापना/2026 नवा रायपुर, दिनांक : 30/01/2026

**हाउसकीपिंग (साफ-सफाई), गार्डनिंग, विद्युत एवं प्लम्बिंग कार्य से संबंधित मेन्टनेन्स एवं सिक्युरिटी गार्ड हेतु प्लेसमेंट एजेंसी की सेवा बाबत ऑनलाइन ई-निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद नवा रायपुर, अटल नगर, सेक्टर-19 के कार्यालय भवन की हाउसकीपिंग (साफ-सफाई), गार्डनिंग, विद्युत-प्लम्बिंग कार्य मेन्टनेंस एवं सिक्युरिटी गार्ड की सेवा हेतु वार्षिक अनुबंध पर प्लेसमेंट एजेंसी से लिए जाने हेतु ऑनलाइन ई-निविदा Gem Portal के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि, निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खोलने की तिथि निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रु. 1,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| बिड संख्या | GEM/2026/B/7171118 Date 30/01/2026 |
| प्रि-बिड की तिथि | 04/02/2026, अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 20/02/2026, अपरान्ह 03:00 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 20/02/2026, अपरान्ह 03:30 बजे |
| वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए फ़र्मों का |

सं.-46748

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद नवा रायपुर अटल नगर



**कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Phone No. 07727-223566,
E-Mail ID dpobalodabazar@gmail.com

**//विज्ञापन//**

**मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला स्तरीय रिक्त संविदा पदों के भर्ती हेतु विज्ञापन**

महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं किशोर न्याय बोर्ड के तहत नीचे लिखे निम्नानुसार रिक्त संविदा पदों पर पात्र आवेदकों से दिनांक 02.02.2026 से 16.02.2026 कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र. | पदनाम | स्वीकृत पद संख्या | मासिक सेवा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक सह डाटा एण्ट्री आपरेटर-किशोर न्याय बोर्ड बलौदाबाजार | 01 | 11916/- |
| 2 | आउटरिच वर्कर-जिला बाल संरक्षण ईकाई | 02 | 10592/- |

| क्र. | पदनाम | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.आज. | अपिव | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक सह डाटा एण्ट्री आपरेटर-किशोर न्याय बोर्ड बलौदाबाजार | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 2 | आउटरिच वर्कर-जिला बाल संरक्षण ईकाई | 02 | 01 | 01 | 0 | 02 |

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट http://balodabazar.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

जी. 252606397/2



**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**

**e-Procurement Tender Notice**
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 135 RAIPUR DATED : 30/01/2026

Online bids are invited for the following works up to 20/02/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work/ Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 184702 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर रायपुर छ.ग. अंतर्गत सफाई हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 84 श्रमिक 06 सुपरवाईजर, 01 वाहन चालक, 04 कचरा परिवहन हेतु कर्मचारी हेल्पर, 01 नग कचरा परिवहन हेतु किराये का वाहन ई-रिक्शा, सफाई कार्य उपयोग हेतु सफाई सामग्री सहित प्रदाय करने का कार्य। | 190.88 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 31/01/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

**Note:**- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

Dream City, Clean City, Green City

ZONE COMMISSIONER
ZONE-04
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)


## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# भाजयुमो करेगा केंद्रीय बजट का प्रचार, बनी प्रदेश टोली

**रायपुर।** केन्द्रीय बजट का प्रचार अभियान एवं युवा संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बजट की प्रमुख विशेषताओं के प्रचार प्रसार एवं सफल क्रियान्वयन के लिए युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया गया है। इसमें बजट अभियान प्रत्यक्ष कार्यकम के लिए प्रदेश कार्यकम प्रभारी जितेन्द्र देवांगन, (प्रदेश महामंत्री) को बनाया गया है। इसी तरह जिलों में कार्यक्रम प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाए गए हैं। रायपुर का लोकेश साहू को प्रभारी एवं मोरध्वज पैकरा को सह प्रभारी बनाया है। इसी तरह कोरबा का सुश्री गौरी गुप्ता को प्रभारी, सुश्री कोमल पटेल को सह प्रभारी, भिलाई का अमन प्रताप सिंह को प्रभारी एवं ऋषि भसीन को सहप्रभारी, महासमुंद का आकाश सिंह ठाकुर को प्रभारी, जसराज बाला को सहप्रभारी, कांकेर का भीमा मड़कम को प्रभारी एवं संजय साहू को सह प्रभारी बनाया गया है।

## शब्द पहेली - 6127



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित बेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 6126 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6137

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6136 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

# मांग मजबूत रहने से जनवरी में वाहन कंपनियों की बिक्री बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा और हुंडई जैसी प्रमुख वाहन कंपनियों ने जनवरी में बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की है। पिछले साल त्योहारी सीजन के दौरान जीएसटी सुधारों से मिली गति के कारण बिक्री में यह तेजी बनी हुई है। देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि पिछले महीने विक्रेताओं को उसके घरेलू यात्री वाहनों की आपूर्ति बढ़कर 1,74,529 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,73,599 इकाई थी। आल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मामूली रूप से बढ़कर 14,268 इकाई रही।

### ग्रैंड विटारा, ब्रेजा व एर्टिगा की बिक्री बढ़ी

वहीं बलेनो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट सहित मझोली (कॉम्पैक्ट) कारों की बिक्री पिछले साल की 82,241 इकाइयों से घटकर 72,738 इकाई रह गई। हालांकि, ग्रैंड विटारा, ब्रेजा और एर्टिगा जैसे वाहनों (यूटिलिटी) की बिक्री बढ़कर 75,609 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 65,093 इकाई थी।

## मारुति, टाटा, महिंद्रा और हुंडई की बिक्री में बढ़ोतरी

### किया इंडिया की बिक्री 10 फीसदी बढ़ी

टीकेएम के कार्यकारी उपाध्यक्ष सबरी मनोहर ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत उत्साहजनक रही है। किया इंडिया की बिक्री जनवरी में 10 प्रतिशत बढ़कर 27,603 इकाई रही। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल सूद ने कहा कि नयी पीढ़ी की सेल्टोस, सोनेट और कैरेंस की मांग से पोर्टफोलियो को मजबूती मिली है।



### मारुति की दो लाख से अधिक इकाइयां बिकी

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि कंपनी ने 2,36,963 इकाइयों की अब तक की सबसे अधिक मासिक कुल बिक्री दर्ज की है। उन्होंने कहा, /"हमें 2.78 लाख से अधिक इकाइयों की बुकिंग मिली है, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि है। बाजार से हमें हर दिन लगभग 9,000 से 10,000 बुकिंग मिल रही हैं।

### महिंद्रा की घरेलू बिक्री में 25 फीसदी का उछाल

महिंद्रा एंड महिंद्रा की घरेलू बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 63,510 इकाई रही, जो बीते वित्त वर्ष के जनवरी में 50,659 इकाई थी। हुंडई मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 59,107 इकाई हो गई, जो बीते वित्त वर्ष के समान महीने में 54,003 इकाई थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) की घरेलू बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 30,630 इकाई रही।

### विक्टोरिस की पांच माह में बिक्री 50 हजार पार

बनर्जी ने बताया कि नयी एसयूवी 'विक्टोरिस' ने पांच महीने में 50,000 इकाइयों का आंकड़ा पार कर लिया है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बताया कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 70,222 इकाई रही। जनवरी 2025 में यह 48,076 इकाई थी।

## खबर संक्षेप



### रुपया 42 पैसे चढ़कर 91.51 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** आम बजट 2026-27 पेश होने के एक दिन बाद सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे की मजबूती के साथ 91.51 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को बचाने के लिए पूरी मजबूती से सक्रिय नजर आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.95 पर खुला।

### सेबी से आठ कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** एल्डेको इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड प्रॉपर्टीज और एसोसिएटेड पावर स्ट्रक्चर्स सहित आठ कंपनियों को सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक सेबी की अद्यतन सूचना से यह जानकारी मिली। नियामक मंजूरी प्राप्त करने वाली अन्य कंपनियां एचडी फायर प्रोटेक्ट लि., एक्सट्रानेट टेक्नोलॉजीज, पारिजात इंडस्ट्रीज इंडिया, रोटोमैग एनर्टेक, सीएसएम टेक्नोलॉजीज और एआईटीएमसी वेंचर्स लि. हैं। सूचना के अनुसार, इन आठों कंपनियों ने सितंबर और अक्टूबर के बीच सेबी के पास आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए थे।

### सरकार की स्वदेशी एआई मॉडल पेश करने की योजना



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार आगामी 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में देश में विकसित किए गए स्वदेशी एआई मॉडल पेश करने की योजना बना रही है। मंत्री ने कहा कि दुनिया भर में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' को लेकर भारी उत्साह है और उम्मीद है कि सम्मेलन के समापन तक एआई बुनियादी ढांचे के लिए 70 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता दोगुनी हो जाएगी। वैष्णव ने कहा, कुछ सप्ताह पहले प्रधानमंत्री ने उन टीम से मुलाकात की थी, जो स्वदेशी एआई मॉडल विकसित कर रहे हैं। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि ये मॉडल बहुत अच्छे स्थिति में हैं।और हम इन्हें एआई इम्पैक्ट समिट में पेश करने वाले हैं। मंत्री ने कहा कि आगामी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम दुनिया में अब तक का चौथा और सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन होने जा रहा है।

### टोरेंट इलेक्ट्रिक्लस ने स्विचगियर किए पेश



**नई दिल्ली।** टोरेंट ग्रुप की बिजली उत्पाद बनाने वाली इकाई टोरेंट इलेक्ट्रिक्लस ने नई ब्रांड पहचान के साथ स्विचगियर उत्पाद पेश किये। नई ब्रांड पहचान भारत के बिजली बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप टोरेंट इलेक्ट्रिक्लस की प्रगति को दर्शाती है। इस पेशकश के तहत, टोरेंट इलेक्ट्रिक्लस ने अपने स्विचगियर उत्पादों को पेश किया है। इसमें मिनिएचर सर्किट ब्रेकर्स, रेजिडुअल करंट सर्किट ब्रेकर्स , आइसोलेटर्स और डिस्ट्रिब्यूशन बोर्ड्स शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोग की व्यापक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किये गये है। टोरेंट ग्रुप के निदेशक वरुण मेहता ने कहा, 'स्विचगियर उत्पादों को पेश करना और नई ब्रांड पहचान लाना इलेक्ट्रिकल उत्पाद खंड में सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए एक मजबूत उपस्थिति स्थापित करने की हमारी एकीकृत रणनीति को दर्शाता है...।'

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने की कोशिश

# बजट में वृद्धि को गति देने निवेश पर जोर, घाटे का लक्ष्य बताता है सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं।

**निवेशकों को अब किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं**

सीतारमण ने कहा, ''इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।''

## सोने की कीमतों में अनिश्तितता से केंद्रीय बैंक सोने में निवेश कर रहे

### एसटीटी को 0.2 से बढ़ाकर 0.5 फीसदी किया गया

बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी (प्रतिभूति सौदा कर) को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। विकल्प प्रीमियम और विकल्प उपयोग पर एसटीटी को मौजूदा क्रमश: 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है।



### जीडीपी अगले वित्त वर्ष के लिए 4.3 फीसदी होगा

एफ एंड ओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी।'' बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है।

### एफएंडओ में हस्तक्षेप की मांग की गई थी

पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं। सीतारमण ने कहा, /"हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### राजकोषीय घाटे का लक्ष्य आर्थिक स्थिति पर निर्भर

सीतारमण ने कहा कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्रत्येक वर्ष की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है और अतीत में सरकार ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में राजकोषीय घाटे को कुछ आधार अंक कम रखा है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में ''सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है, इसलिए मैं 4.3 प्रतिशत के घाटे के लक्ष्य से संतुष्ट हूं।''

**निजी उपभोग में वृद्धि जारी रहेगी** : सीतारमण ने यह भी विश्वास जताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में जीएसटी दर में कटौती और आयकर छूट सीमा में वृद्धि के कारण हाल ही में निजी उपभोग में जो वृद्धि हुई है, वह आने वाले महीनों में भी जारी रहेगी।

### सरकार पीएसयू में हिस्सेदारी बेचना जारी रखेगी

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की गति जारी रहेगी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेगी। सीतारमण ने कहा कि आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश सही दिशा में है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिस्सेदारी की बिक्री की गति गैर-कर राजस्व की दिशा तय करेगी।

# कार्यालयीन नौकरियों की भर्ती जनवरी में तीन फीसदी बढ़ी

**ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉटकॉम ने जारी की रिपोर्ट**
**भर्ती में आईटी से इतर क्षेत्रों की भूमिका रही**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जनवरी महीने के दौरान कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से इतर क्षेत्रों की अहम भूमिका रही। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भर्तियों से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉटकॉम की रिपोर्ट कहती है कि जनवरी में जॉबस्पीक सूचकांक 2,637 अंक पर रहा जो जनवरी, 2025 के 2,550 अंकों से तीन प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह वृद्धि मुख्य रूप से गैर-आईटी क्षेत्रों और नए स्नातकों की भर्ती के कारण हुई।

बीपीओ/आईटीईएस में 21 प्रतिशत, आतिथ्य और यात्रा क्षेत्र में 15 प्रतिशत, बीमा में सात प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवा में पांच प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, बैंकिंग



और वित्तीय सेवा क्षेत्र में इस दौरान 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

आईटी क्षेत्र में कुल भर्ती स्थिर रही, लेकिन कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग से जुड़ी नौकरियों में 34 प्रतिशत की बढ़त रही। नए स्नातकों की भर्ती में आठ प्रतिशत वृद्धि देखी गई। गैर-आईटी क्षेत्रों में तीन वर्ष तक का अनुभव वाले युवा कर्मचारियों की भर्ती में जनवरी में खास तेजी रही। इसमें आतिथ्य 33 प्रतिशत, बीमा 35 प्रतिशत, बीपीओ/ आईटीईएस 39 प्रतिशत और रियल एस्टेट 42 प्रतिशत बढ़ा।

### भर्ती के मामले में हैदराबाद सबसे आगे रहा

रिपोर्ट कहती है कि हैदराबाद शहर वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) से जुड़ी भर्तियों में 14 प्रतिशत उछाल आने की वजह से कुल 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ भर्तियों के मामले में सबसे आगे रहा। इसके अलावा गैर-महानगर शहरों में कोयंबटूर और जयपुर ने क्रमशः 16 प्रतिशत एवं 15 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की।

## तेल-गैस और वाहन कंपनियों के शेयरों में निकली खरीदी

# बजट की भारी गिरावट से उबरा शेयर बाजार सेंसेक्स ने लगाई 943 अंक की छलांग



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 943.52 अंक की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,009.31 अंक चढ़कर 81,732.25 अंक के उच्चस्तर तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 282.65 अंक चढ़कर 25,108.10 अंक तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली। जनवरी महीने में विनिर्माण गतिविधियों में हल्के सुधार के आंकड़ों ने भी बाजार धारणा को समर्थन दिया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा।

### एसटीटी से बाजार में अस्थिरता बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एसटीटी में बढ़ोतरी और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार की अधिक उधारी जुटाने की योजना से बाजार में अस्थिरता बढ़ी थी। लेकिन बजट में नीतिगत निरंतरता, वृद्धि पर स्पष्ट जोर और राजकोषीय अनुशासन से मध्यम-से-दीर्घकालिक आय को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।''

### पावर ग्रिड में 7.61 फीसदी की तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड में 7.61 प्रतिशत और अदाणी पोर्ट्स में 4.76 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इनके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

# एफपीआई ने भारतीय बाजार से जनवरी में निकाले 36 हजार करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला जनवरी में भी जारी रहा और उन्होंने भारतीय शेयर बाजार से करीब 36,000 करोड़ रुपये (लगभग 3.97 अरब डॉलर) की निकासी की। इस बीच, वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) बढ़ाने की बजट घोषणा से निकट भविष्य में विदेशी निवेशकों की भागीदारी पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने जनवरी महीने में भारतीय शेयर बाजार से 35,962 करोड़ रुपये की शुद्ध





निकासी की। एफपीआई ने इससे पहले वर्ष 2025 में भी भारतीय बाजार से करीब 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी। उस समय अस्थिर मुद्रा बाजार, वैश्विक व्यापार तनाव, संभावित अमेरिकी शुल्क और ऊंचे बाजार मूल्यांकन ने विदेशी पूंजी को प्रभावित किया था। चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के तकनीकी शोध विश्लेषक आकाश शाह ने कहा कि एफएंडओ में एसटीटी का बढ़ना निकट अवधि में खासकर अत्यधिक तेजी और डेरिवेटिव-केंद्रित वैश्विक कोषों के लिए एफपीआई प्रवाह के लिए हल्का नकारात्मक कारक बन सकता है।

शाह ने कहा, ''एसटीटी बढ़ोतरी से कर संग्रह बढ़ सकता है, लेकिन इससे सौदों की मात्रा प्रभावित होने और रणनीतिक एफपीआई भागीदारी धीमी होने का जोखिम है। टिकाऊ एफपीआई प्रवाह के लिए निवेशक सिर्फ वृद्धि संभावनाओं के बजाय व्यापक स्थिरता, रुपये की चाल और कर नीति में निरंतरता पर अधिक ध्यान देंगे।''

### इंसेक्टिसाइड्स इंडिया का मुनाफा 40 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** कृषि-रसायन कंपनी इंसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में ज़्यादा खर्च के कारण उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10.48 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले साल इसी तिमाही में 17.36 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी की कुल आय 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में बढ़कर 385.67 करोड़ रुपये हो गई।

# महंगे स्मार्टफोन की ओर बढ़ा रुझान

## एप्पल की भारत में रिकॉर्ड 28 प्रतिशत मूल्य हिस्सेदारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 28 प्रतिशत की अपनी अब तक की सबसे अधिक मूल्य हिस्सेदारी दर्ज की है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार यह उपलब्धि प्रीमियम उपकरणों के बढ़ते चलन के कारण संभव हुई है, जिसमें उपभोक्ता तेजी से महंगे उपकरण चुन रहे हैं। रिपोर्ट में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित किया गया है। इसमें कहा गया कि जहां बिक्री की संख्या में वृद्धि स्थिर है, वहीं बाजार का कुल बिक्री मूल्य बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

■ उपभोक्ता तेजी से महंगे उपकरण चुन रहे

ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय खरीदार अब महंगे मॉडल ले रहे हैं।

काउंटरपॉइंट के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में भारत में एप्पल की मूल्य हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी। आईफोन 16 सीरीज की सफलता, आकर्षक वित्तपोषण योजनाओं और 'एक्सचेंज ऑफर' ने कंपनी को देश में अपनी सर्वोच्च मूल्य हिस्सेदारी तक पहुंचा दिया है।

### सैमसंग का फोल्डेबल स्मार्टफोन खंड में दबदबा

तीस हजार रुपये से अधिक के प्रीमियम खंड में, लगभग दो-तिहाई खरीदारी वित्तपोषण के जरिए की गई, जो महंगे फोन खरीदने में ईएमआई की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। दक्षिण कोरियाई दिग्गज सैमसंग ने फोल्डेबल स्मार्टफोन खंड में अपना दबदबा बनाए रखा और 2025 में बिक्री की संख्या के लिहाज से 88 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 3888/ न.पा.नि./ लोनिवि/25-26 अम्बिकापुर, दिनांक 30/01/2026

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय):-**

निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण कार्य (System Tender No. 184591, 184593 & 184596) हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**कार्यालय नगर पंचायत टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Nagarpanchayattundra@gmail.com

क्रमांक /116 / लो.नि.वि. / नं.प./2025-26 टुण्डरा, दिनांक 02/02/2026

**संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय निविदा)**

नगर पंचायत टुण्डरा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम क्षेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 182375 | Desing. Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Tundra under SBM 2.0 | 173.27 लाख | दिनांक 13.02.2026 समय शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 18.02.2026 समय शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 18.02.2026 समय शाम 5.00 बजे से |

नोट:- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत टुण्डरा

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला**
**जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
Email id - Janjgirnailacmo@gmail.com

क्रं./2962/राजस्व/न.पा.प./2026 जांजगीर-नैला, दिनांक 02.02.2026

**ईस्तहार**

नगरपालिका जांजगीर-नैला के आम जनता को सूचित किया जाता है कि नगरीय निकाय के अधीनस्थ निम्नलिखित तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है, जिनका विवरण इस प्रकार है :-

| क्र. | निकाय का नाम | तालाब का नाम | खसरा नं. | रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला | बोंगा तालाब | 3085 | 04 एकड़ |
| 2 | | घोड़तल्ला तालाब | 3125 | 02 एकड़ |
| 3 | | नया तालाब | 585 | 05.08 एकड |
| 4 | | जूना तालाब | 1076 | 2.298 एकड |
| 5 | | दर्री डबरी (हनुमान तालाब) | 3981 | 01 एकड़ |
| 6 | | देवरहा तालाब | 3144 | 0.380 एकड़ |
| 7 | | छोटे कुढरा तालाब | 2036 | 0.668 एकड |
| 8 | | ढढनी तालाब | 3450 | 0.283 एकड़ |
| 9 | | कोटरही तालाब | 2958 | 0.445 एकड़ |
| 10 | | डुमरिहा तालाब | 5097 | 02 एकड़ |
| 11 | | रानी तालाब | 1906 | 05 एकड़ |
| 12 | | बडे कुटरा तालाब | 2287 | 8.802 एकड़ |

पट्टा आबंटन में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगा :-
1. पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूह (सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह के पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूह को प्राथमिकता एवं अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग के पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों एवं मछुआ समूह हो प्राथमिकता) होगा। 2. स्थानीय महिला स्व सहायता समूह (सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह के स्व सहायता समूहों को प्राथमिकता एवं अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्व सहायता समूह व छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व. सहायता समूह) को प्राथमिकता होगी। 3. मछुआ व्यक्ति/मत्स्य कृषक ऐसी मछुआ व्यक्ति/बेरोजगार युवा जो मछली पालन में डिप्लोमा/ स्नातक/ स्नातकोत्तर हो। 4. ऐसे क्षेत्र जहाँ वर्ष 1965 या उसके पश्चात मकान भूमि आदि डूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गये हो ऐसे व्यक्तियों/परिवारों/या उनके समूह/समिति को संबंधित जलक्षेत्र में पट्टे पर दिये जाने हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। 5. गोधन न्याय योजना अन्तर्गत निर्मित गौठान हेतु निर्मित तालाबों में मछली पालन का कार्य गौठान समिति या उनके द्वारा चिन्हित समूह द्वारा की जावेगी। 6. योजनाओं में चयनित हितग्राहियों की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

**आवेदन के साथ में संलग्न आवश्यक दस्तावेजों की सूची :-**
1. पंजीकृत सहकारी समिति-पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलॉज सदस्यों सूची, बैंको से कर्ज नही प्रमाण पत्र समिति का प्रस्ताव एवं ठहराव व विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट। 2. मछुआ समूह/एस.जी. एस. वाय. समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव ठहराव, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र जाति निवास एवं बैक से कर्ज नही प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। 3. व्यक्तिगत हितग्राही मछुआ/अनु जाति/अनु. जन. जाति/पि.वर्ग/सामान्य व्यक्ति अपने आवेदन पत्र के साथ गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति निवास एवं बैक से कर्ज नही प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

उपरोक्त आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 19.02.2026 तक कार्यालय नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला में जमा कर पावती प्राप्त करें। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर नगरपालिका की बैठक में विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला

# मुंबई टीम में लौटे ठाकुर-जायसवाल, कर्नाटक के खिलाफ खेलेंगे क्वार्टर फाइनल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

कप्तान शारदुल ठाकुर और भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को 6 फरवरी से कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया।

मुंबई की टीम चार जीत और तीन ड्रॉ से एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर रही जबकि कर्नाटक ने ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब पर रोमांचक जीत की बदौलत अंतिम आठ में जगह बनाई। मुंबई और कर्नाटक के बीच क्वार्टर फाइनल 6 से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी करेगा।

## रणजी ट्रॉफी : 6 से 10 फरवरी तक एमसीए बीकेसी मैदान में भिड़ेंगी दोनों टीम

### दूसरी बार मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में जायसवाल दूसरी बार मुंबई के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। इससे पूर्व वह राजस्थान के खिलाफ पहले दौर के मैच में खेले थे। मुंबई क्रिकेट संघ और सीनियर चयन पैनल ने चयन के लिए भारत के इस सलामी बल्लेबाज के नाम पर विचार नहीं किया था क्योंकि वह रविवार को संपन्न हुए ग्रुप चरण के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने में नाकाम रहे थे। जायसवाल टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। इस बीच ठाकुर मुंबई के नियमित कप्तान सिद्धेश लाड की जगह टीम की अगुआई करेंगे, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्हें लगी चोट के बाद टीम की कप्तानी की थी।

### टीम इस प्रकार

शारदुल ठाकुर, यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, अखिल हेरवादकर, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्यांश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।



## खबर संक्षेप



### सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिपः बांग्लादेश से हारा भारत

**पोखरा।** भारतीय अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम को पोखरा रंगशाला स्टेडियम में सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के लिए दोनों गोल पहले हाफ में अर्पिता बिश्वास (29वें मिनट) और अल्पी अख्तर (40वें मिनट) ने दागे। भारत की अंडर-17 टीम अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट 'अंडर-19 चैंपियनशिप' में हिस्सा ले रही है, जिससे कि एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप की तैयारी कर सके। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में नेपाल को 1-0 किया था।

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया, सीरीज की अपने नाम



**पाल्लेकल।** टॉम बेंटोन के 33 गेंद में नाबाद 54 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इंग्लैंड के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 की विजयी बढत हो गई है। बेंटोन ने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाए, जिसके दम पर इंग्लैंड ने 17 ओवर में 168 रन के संशोधित लक्ष्य के जवाब में 16 . 4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाए। जोस बटलर ने 29 गेंद में 39 रन जोड़े। इससे पहले श्रीलंका ने पांच विकेट पर 189 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 22 गेंद में 40 रन की पारी खेली। पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। आखिरी टी20 मंगलवार को खेला जाएगा।

### भारत में फिर शुरू होगा फार्मूला वन, खेल मंत्रालय ले रहा रुचि



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय भविष्य में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फार्मूला वन फिर शुरू करने का इच्छुक है और 2013 में आखिरी बार भारत में हुई रेस फिर शुरू करने के लिए ट्रैक अधिकारियों से बातचीत का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि खेलमंत्री मनसुख मांडविया पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा में ट्रैक का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बात भी की है, जिसने अब दिवालिया को चुके ट्रैक के मालिक जेपी समूह से परिसर अपने नियंत्रण में ले लिया है। अडानी समूह जेपी समूह खरीदने की दौड़ में है और अगर ऐसा हो गया तो भारत में रेस को वापिस लाने की कोशिशों को बल मिलेगा । अब खेल मंत्रालय ने भी इसमें रुचि दिखाई है तो संभावनायें बढ गई है।

## 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में महामुकाबला

# टी20 वर्ल्ड कप के वार्म अप मैचों का शेड्यूल आया सामने, खेले जाएंगे 16 मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप वार्म-अप मुकाबलों के शेड्यूल की पुष्टि कर दी है। 2 से 6 फरवरी के बीच कुल 16 वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन होगा, जिससे पहले वार्म-अप मैच भी इन्हीं देशों में खेले जाएंगे।

भारतीय सरजमीं पर बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड 1 और नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम में वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। दूसरी ओर, श्रीलंका में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड में वार्म-अप मैच आयोजित होंगे। 2 फरवरी को वार्म-अप मैच में भारत-ए यूएसए से भिड़ी। इसके बाद भारतीय टीम 4 फरवरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी। 6 फरवरी को भारत-ए की टीम नामीबिया के विरुद्ध वार्म-अप मुकाबला खेलेगी।




### वार्म-अप मुकाबलों का शेड्यूल

**2 फरवरी**

*अफगानिस्तान बनाम स्कॉटलैंडः बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
*यूएसए बनाम इंडिया 'ए': डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 5 बजे से)*
*कनाडा बनाम इटलीः एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 7 बजे से).*

**3 फरवरी**

*ओमान बनाम श्रीलंका 'ए': कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (दोपहर 1 बजे से).. नीदरलैंड बनाम जिम्बाब्वेः आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (दोपहर 3 बजे से). नेपाल बनाम यूएईः एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 5 बजे से).*

**4 फरवरी**

*स्कॉटलैंड बनाम नामीबियाः बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 2, बेंगलुरु (दोपहर 1 बजे से)*
*अफगानिस्तान बनाम वेस्टइंडीजः बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
*पाकिस्तान बनाम आयरलैंडः एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो (शाम 5 बजे से).*
*भारत बनाम दक्षिण अफ्रीकाः डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

**5 फरवरी**

*जिम्बाब्वे बनाम ओमानः कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (सुबह 11 बजे से)*
*नेपाल बनाम कनाडाः एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 1 बजे से)*
*ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंडः आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (शाम 5 बजे से)*
*न्यूजीलैंड बनाम यूएसएः डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

**6 फरवरी**

*इटली बनाम यूएईः एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 3 बजे से). इंडिया 'ए' बनाम नामीबियाः बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (शाम 5 बजे से).*

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले तिलक वर्मा इंडिया ए स्क्वॉड में शामिल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को टी20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई।

**मयंक यादव की टीम में वापसी**

तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे।

यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाया था, जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था।

### भारत ए का बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया से सामना

बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे।' भारत ए की टीम नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका से भिड़ी जबकि शुक्रवार को बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया का सामना करेगी। आयुष बडोनी 15 सदस्यीय भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें नमन धीर, विपराज निगम और रियान पराग भी शामिल हैं। मयंक स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल से अधिक समय से टीम से बाहर थे।

### भारत ए टीम

*आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन जगदीशन, तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल, गुरजपनीत सिंह, विपराज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद, मयंक यादव।*

# बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन अवार्ड्स के लिए नामांकित हरमनप्रीत, स्मृति और दिव्या



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महिला क्रिकेट की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना तथा शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या देशमुख '2025 बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कारों के लिए नामांकित हैं। पिस्टल निशानेबाजी में सनसनी मचाने वाली सुरुचि सिंह और ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ज्योति याराजी इस प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य दो खिलाड़ी हैं।

बीबीसी न्यूज की अंतरिम वैश्विक निदेशक फियोना क्रैक ने कहा, 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कार पूरे भारत में महिलाओं की खेल प्रतिभाओं के एक वर्ष का प्रतीक है और बीबीसी विश्व सेवा अन्य किसी भी मीडिया प्रदाता की तुलना में इन प्रयासों को प्रदर्शित करने और उनका जश्न मनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' उन्होंने कहा, ' हम इन महिलाओं को भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने अपनी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करके रोमांचित हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने नवंबर 2025 में देश को आईसीसी महिला विश्व कप का पहला खिताब दिलाया था। इसी टीम की उप कप्तान 29 साल की मंधाना पहले से ही क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।

### महाराष्ट्र के सांगली शहर की रहने वाली मंधाना

यह वामहस्त बल्लेबाज एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतकों के मामले में दूसरे जबकि सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में तीसरे पायदान पर है। महाराष्ट्र के सांगली शहर की रहने वाली मंधाना अपने पिता और भाई से प्रेरित हैं। बीस वर्षीय शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने पिछले साल जुलाई में फिडे महिला विश्व कप की पहली भारतीय और सबसे कम उम्र की चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि ने उन्हें ग्रैंडमास्टर का दर्जा भी दिलाया। दिव्या ने ऐतिहासिक फाइनल मुकाबले में ग्रैंडमास्टर बनने वाली पहली भारतीय महिला कोनेरू हम्पी को हराया था।

# ऑस्ट्रेलिया को झटका, वर्ल्ड कप के शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे हेजलवुड



एजेंसी ▶▶| सिडनी

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट से उबरने के बाद श्रीलंका में टी20 विश्व कप के शुरुआती मैचों के लिए टीम के साथ नहीं जाएंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने यह जानकारी दी । नाथन हिल्स, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे। आस्ट्रेलिया को प्रारंभिक दौर के चार मैच श्रीलंका में खेलने हैं। उसे पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड से खेलना। हेजलवुड टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सिडनी में रहेंगे। सीन एबोट यात्रा रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जाएंगे। हेजलवुड चोट के कारण 2025- 26 एशेज श्रृंखला से भी बाहर रहे थे।

डोडेमेड ने यह नहीं बताया कि हेजलवुड कब से खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के प्रारंभिक दौर के मुकाबले 20 फरवरी को खत्म होंगे। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा।

## अनाहत ने जीता पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब ...



**वॉशिंगटन।** युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता, जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है। जीत के बाद उसने कहा,' मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी।'

## पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर

# एशिया टीम चैंपियनशिपः भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी।

भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं।

### 2025 के सफल सत्र के बाद खेलेंगी उन्नति

उन्नति हुड्डा भी 2025 के सफल सत्र के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही हैं। यह 18 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। उन्होंने चीन ओपन में सिंधू को भी हराया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय उन्नति ने 2025 में ओडिशा मास्टर्स का खिताब भी जीता। एकल में जिम्मेदारी अब मालविका बंसोड़ और रक्षिता श्री संतोष रामराज पर भी होगी।



### पुरुष टीम पर अच्छा प्रदर्शन दोहराने की जिम्मेदारी

*भारतीय पुरुष टीम 2016 और 2020 की कांस्य पदक विजेता है और अनुभव तथा गहराई के मेल के साथ बेहतर स्थिति में दिख रही है। इस टीम में वही मुख्य खिलाड़ी हैं जिनकी मौजूदगी में टीम ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था और अब उन पर अच्छा प्रदर्शन दोहराने की जिम्मेदारी होगी। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन की अगुवाई वाली इस टीम में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय भी शामिल हैं। ये तीनों विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता हैं। लक्ष्य अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता था और हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। श्रीकांत भी मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन प्रणय मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।*




कोमा एक ऐसी अवस्था है, जिसमें व्यक्ति लंबे समय तक बेहोशी में रहता है और अपने आस-पास की चीजों से अनजान रहता है। कोमा की अवधि कुछ मिनटों से लेकर कई सालों तक हो सकती है। चीन का रहने वाला एक बच्चा भी इस स्थिति का शिकार हो गया था। वह 55 दिनों तक कोमा में रहा, लेकिन उसके दोस्तों का प्यार उसे होश में ले आया। आइए विस्तार से जानते हैं कि यह चमत्कार कैसे संभव हुआ।

# दोस्तों के प्यार भरे वीडियो ने किया चमत्कार, 55 दिन बाद कोमा से बाहर आया बच्चा

**बीजिंग।** बच्चे का नाम लियू चुक्सी है, जो 8 साल का है और हुनान प्रांत में रहता है। 2025 के नवंबर महीने में एक कार दुर्घटना के चलते वह कोमा में चला गया था। दुर्घटना में उसके मस्तिष्क में गंभीर चोटें आई थीं और फेफड़ों में भी घाव हुए थे। डॉक्टर के निरंतर प्रयासों के बाद भी लियू को होश नहीं आया। परिवार वालों को सूचित कर दिया गया था कि उसके होश में आने की उम्मीद बहुत कम है।

## मां ने नहीं छोड़ी थी उम्मीद की डोरी

लियू की मां ने हार नहीं मानी और उसे कई अस्पताल लेकर गईं। एक डॉक्टर ने बताया कि परिचित आवाजें या पसंदीदा संगीत मस्तिष्क के विशिष्ट क्षेत्रों को उत्तेजित कर सकते हैं और उसे जगा सकते हैं। वह हर दिन लियू को स्कूल का सुबह उठने वाला संगीत और एक्सरसाइज के गीत सुनाने लगीं। वहीं, लियू के शिक्षक ने उसके सहपाठियों को उसके लिए भावुक वीडियो बनाने के लिए कहा।

## कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ था बच्चा



## बच्चों के प्यार ने दिखाया असर

जब सारी आस टूटने लगी तब बच्चों के प्यार भरे वीडियो आशा की किरण बनकर आए। एक बच्चे ने वीडियो में कहा, /"लियू, जल्दी उठो, चलो साथ में फुटबॉल खेलते हैं। किसी ने लियू का पसंदीदा गाना गया तो किसी ने उसे स्कूल के मजेदार किस्से सुनाए। एक बच्ची ने आस लगाकर कहा, /"हम तुम्हें याद करते हैं, अगर तुम हमें सुन रहे हो तो आखें खोलो। लियू के शिक्षक ने उसके लिए गणित के पाठ भी रिकॉर्ड किए थे।

**55 दिनों बाद खुली थीं लियू की आखें :** लियू की मां रोज उसके सिरहाने बैठकर उसे सारे वीडियो सुनाया करती थीं। 45 दिनों तक कोमा में रहने के बाद, लियू ने पहली बार अपनी पलकें झपकाईं थीं। कुछ दिनों बाद जब उसने अपने शिक्षक की आवाज सुनी तो वह मुस्कुराया। 55 दिनों के संघर्ष के बाद आखिरकार उसने अपनी आखें खोलीं और अपना बायां हाथ हिलाने में सफल रहा। इस खुशी में उसके सभी सहपाठी शिक्षक के साथ उससे मिलने अस्पताल भी गए।

## लियू की सेहत है पहले से बेहतर

सभी बच्चे लियू के लिए ग्रीटिंग कार्ड और खिलौने लेकर गए थे। शिक्षक ने मजाक में लियू से कहा, /"तुम्हें होमवर्क नहीं करना पड़ेगा। यह सुनकर लियू खुशी से अपनी आंखें खोलने और जवाब में हाथ हिलाने की कोशिश करने लगा था। लियू की सेहत में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन उसे पूरी तरह ठीक होने में अभी समय लगेगा। उसकी मां ने इसे एक चमत्कार माना और डॉक्टर, बच्चों और शिक्षक को शुक्रिया कहा।

## रोचक खबरें

## दो साल का होनहार बच्चा, जिसने अपने नन्हें-नन्हें हाथों से स्नूकर खेलकर बनाए दो विश्व

**यूनाइटेड किंगडम।** जिस उम्र में बच्चे ठीक से चलना तक नहीं सीख पाते, उस उम्र में एक नन्हा बच्चा इतिहास रच रहा है। हम बात कर रहे हैं जूड ओवेन्स की, जिसने अपने नन्हें-नन्हें हाथों से स्नूकर खेलकर 2 विश्व रिकॉर्ड बना डाले हैं। यूनाइटेड किंगडम का रहने वाला जूड इस खेल में इतना माहिर है कि स्नूकर के बड़े-बड़े खिलाड़ी भी उसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। आइए उसके शानदार रिकॉर्ड के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**प्यारे जूड ने बनाए ये अनोखे विश्व रिकॉर्ड :** दो साल 261 दिन की उम्र में प्यारा जूड स्नूकर में डबल पॉट बनाने वाला सबसे कम उम्र का व्यक्ति बन गया। डबल पॉट तब होता है जब क्यू गेंद के एक शॉट से 2 गेंद अलग-अलग छेद में जाती हैं। 2 साल 302 दिन की उम्र में उसने उल्टा शॉट मारने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति का रिकॉर्ड बनाया। यह तब होता है जब क्यू गेंद छेद में जाने से पहले एक या अधिक रेल से टकराती है।

जूड के पिता ल्यूक ने उसे पहले एक छोटा स्नूकर टेबल दिया था, जिस पर खेलकर उसने शुरुआत की थी। जब उन्होंने उसे पहली बार स्नूकर की स्टिक उठाते हुए देखा तभी उन्हें पता चल गया था कि जूड एक महान खिलाड़ी बनेगा। कुछ ही समय में वह बड़ी स्नूकर टेबल पर भी अच्छी तरह खेलने लगा था। जूड ने अभी से ही उन तकनीकों में महारत हासिल कर ली है, जो बड़े-बड़े खिलाड़ी भी सालों बाद सीख पाते हैं।

**दिग्गज खिलाड़ियों ने भी की जूड की तारीफ :** नन्हां जूड आसानी से फ्लोटिंग ब्रिज जैसे कठिन शॉट मार लेता है, जो वयस्कों को भी मुश्किल लगते हैं। उसे 2025 यूके स्नूकर चैंपियनशिप में एक खास प्रवेश द्वार दिया गया था और वह स्नूकर प्रायोजन पाने वाला सबसे कम उम्र का बच्चा है। जूड इतनी छोटी उम्र में कुछ पेशेवर खिलाड़ियों से मिल चुका है, जिनमें काइरन विल्सन, जॉन पैरट और जिमी व्हाइट शामिल हैं।

## माइकल जॉर्डन के जूते हुए 6 करोड़ में नीलाम अन्य वस्तुएं भी बिकीं

**सोथबी।** अपने प्रशंसकों द्वारा प्यार से ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम्स बुलाए जाने वाले पूर्व अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी माइकल जॉर्डन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उनके खेल के दौरान पहने गए नाइकी के एयर जॉर्डन जूतों की बीते गुरुवार को नीलामी हुई। इस नीलामी में केवल जॉर्डन ही नहीं, बल्कि स्वर्गीय दिग्गज खिलाड़ी कोबे ब्रायंट की भी वस्तुएं नीलाम की गई हैं। आइए खेल से जुड़ी यादगार वस्तुओं की इस नीलामी के विषय में विस्तार से जानते हैं।



**जॉर्डन ने करियर की शुरुआत के दौरान पहने थे ये जूते :** नीलाम होने वाले नाइके एयर शिप्स जूते जॉर्डन के करियर के शुरुआती दिनों के हैं। उन्होंने इन्हें 2 दिसंबर, 1984 में पहना था, जब शिकागो बुल्स और लाकर्स का मुकाबला हुआ था। इन्हें सोथबी नामक नीलामीघर ने नीलाम करवाया है और यह 6 करोड़ से भी ज्यादा कीमत पर बिके हैं। इन जूतों को फोटो मैच करके इनकी प्रामाणिकता की जांच की गई है और इन पर जॉर्डन के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं। कोबे के निधन के बाद भी वह लोगों के दिलों में जिंदा हैं। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि उनकी जर्सी भी इस नीलामी का मुख्य आकर्षण रही। यह जर्सी उन्होंने 20 और 27 अप्रैल, 2010 को वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस क्वार्टर फाइनल के खेलों के दौरान पहनी थी। पहले उन्होंने इसे दूसरे खेल के दौरान पहना था, फिर 5वें के दौरान पहना था। फिर 5वें के दौरान कैरी किया था।







## असर
## आया समाज में बदलाव

# पर्यावरण कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए सराहनीय विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** पर्यावरण कार्यकर्ता कड़ी मेहनत और लगन से प्रकृति के संरक्षण की तरह काम करते हैं। वे धरती को प्रदूषण, विनाश और जलवायु परिवर्तन से बचाने के लिए, लगातार प्रयास करते रहते हैं। दुनियाभर में कई ऐसे पर्यावरण कार्यकर्ता हैं, जिनके द्वारा उठाए गए कदम आज कई सकारात्मक बदलाव लाए हैं। आज के लेख में हम आपको पर्यावरण कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए अनोखे विश्व रिकॉर्ड के बारे में बताएंगे, जो वाकई काबिले तारीफ हैं।

केन्या की टूफेना मुथोनी ने 3 दिनों तक यानि 72 घंटे तक पेड़ को गले लगाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। ऐसा करके वह मानसिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना चाहती थीं। टूफेना ने पहली बार फरवरी 2025 में कुल 48 घंटे तक पेड़ को गले लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था।





## प्लास्टिक की बोतलों से सबसे बड़ी संरचना बनाने का रिकॉर्ड

प्लास्टिक की बोतलों से बनी सबसे ऊंची मूर्ति 29.92 मीटर की है, जो एक क्रिसमस ट्री है। इसे रीसायकल की हुई बोतलों से कोलंबिया के कॉम्प्लेजो कॉमर्शियल सेंट्रो चिया और अगुआ क्रिस्टल ने बनाया था। इस संरचना का निर्माण 4 नवंबर, 2023 को 96,865 बोतलों का उपयोग करके किया गया था। इस संरचना को बनाने में कुल 3 महीने की समय लगा था और इसमें 300 से ज्यादा लोगों ने हाथ बंटाया था। सबसे ज्यादा प्लास्टिक की बोतल भारत में 12 घंटे के अंदर सबसे ज्यादा प्लास्टिक की बोतल इखट्टा करके एक उल्लेखनीय विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था। यह उपलब्धि मुंबई स्थित बिसलेरी अंतरराष्ट्रीय प्राइवेट लिमिटेड और तमिलनाडु स्थित कोयंबटूर स्थित पीएसजी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस द्वारा हासिल की गई थी। 31 जनवरी, 2024 में कॉलेज के छात्रों ने मिलकर कुल 79,738.60 किलोग्राम प्लास्टिक की बोतलें जमा की थीं, जिन्हें बाद में रीसायकल किया गया था।

## 5.1 करोड़ पेड़ लगाने का रिकॉर्ड

जुलाई 2016 में उत्तर प्रदेश के 8 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने 24 घंटे में सबसे ज्यादा पेड़ लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस प्रयास के दौरान एक दिन में कुल 5.1 करोड़ पेड़ लगाए गए थे। करीब 6,146 स्थानों पर 80 से ज्यादा प्रजातियों के पेड़ लगाए गए थे। यह प्रयास 2015 के पेरिस जलवायु सम्मेलन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य वन क्षेत्र को बढ़ाकर 33 प्रतिशत करना था।

## सबसे बड़ा लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण क्षेत्र बनाने का रिकॉर्ड

दक्षिणी अफ्रीका में स्थित कवांगो जाम्बेजी ट्रांसफ्रंटियर संरक्षण क्षेत्र विश्व का सबसे बड़ा स्थलीय अंतरराष्ट्रीय संरक्षण क्षेत्र है। यह 5 देशों में फैला है और कुल मिलाकर लगभग 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करता है। इसने आधिकारिक तौर पर लुप्तप्राय प्रजातियों के परस्पर जुड़े, संरक्षित और टिकाऊ प्रबंधन का एक रिकॉर्ड स्थापित किया था। यहां अफ्रीका के लगभग आधे सवाना हाथियों को पनाह दी जाती है।

# अमेरिकाः स्वतंत्रता की घोषणा की पहली प्रतियों में से एक की हो रही नीलामी



**वाशिंगटन।** अमेरिका को 4 जुलाई, 1776 में आजादी मिली थी। इसकी घोषणा महाद्वीपीय कांग्रेस द्वारा करवाई गई थी। अब जब इस देश को आजाद हुए 250 साल होने वाले हैं, तब इससे जुड़ा एक अहम दस्तावेज नीलाम करवाया जा रहा है। दरअसल, इस खास अवसर पर स्वतंत्रता की घोषणा की पहली प्रतियों में से एक को नीलामी में बेचा जाएगा। इस नीलामी में स्वतंत्रता से जुड़ी कई अन्य वस्तुएं भी उपलब्ध रहेंगी।

जुलाई 1776 की यह प्रति इस बसंत में सैकड़ों अन्य दुर्लभ अमेरिकी कलाकृतियों के साथ नीलाम की जाएगी। इसकी घोषणा मंगलवार को गोल्डीन ऑक्शन्स नामक नीलामीघर ने की है। इसके लिए फिलहाल कोई अनुमानित कीमत तय नहीं की गई है। गोल्डिन के CEO और संस्थापक केन गोल्डिन ने कहा, हम फिलाडेल्फिया के ठीक बाहर हैं, जो हमारे देश का जन्मस्थान है। यहां स्वतंत्रता की घोषणा का मूल दस्तावेज मौजूद है।

इस प्रकार की प्रति को ब्रॉडसाइड कहते हैं, जो एक पन्ने पर केवल एक तरफ छपी होती है। उस समय इन्हें सभाओं में पढ़ा जाता था और ऐतिहासिक घोषणाओं की खबर फैलाने के लिए, सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाता था। कहा जाता है कि जुलाई 1776 के केवल 125 ब्रॉडसाइड ही आज मौजूद हैं। हालांकि, इस विशेष संस्करण की केवल 10 प्रतियां ही अस्तित्व में हैं।

# अंडे के कप से लेकर ईटों तकः जानिए साल 2025 के सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड तोड़ने वाले संग्रह

**नई दिल्ली।** विश्व रिकॉर्ड बनाना छोटी उपलब्धि नहीं है, लेकिन कुछ संग्रहकों ने अपनी पसंदीदा चीजों का विशाल संग्रह करके गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। इस साल कुछ संग्राहकों के संग्रह ने सभी को हैरानी में डाल दिया। किसी ने अंडे रखने वाले कपों का संग्रह करके रिकॉर्ड कायम किया, वहीं किसी ने ईटों का संग्रह करके ही रिकॉर्ड बना डाला। आइए इस साल कुछ संग्राहकों द्वारा बनाए गए कुछ रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

**ईंटों का सबसे बड़ा संग्रह :** इस साल के फरवरी महीने में अमेरिका के रहने वाले क्लेम रेनकेमेयर नामक व्यक्ति ने एक अनूठे संग्रह का रिकॉर्ड बनाया है। 87 वर्षीय रेनकेमेयर ने पिछले 40 वर्षों में 8,882 अलग-अलग ईंटें एकत्र की हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी एक कहानी है। रेनकेमेयर ने बताया कि ईंटों के बारे में उन्हें जो बात सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, वह यह है कि उनके नाम होते हैं और वे ऐतिहासिक रूप से विभिन्न स्थानों से जुड़े होते हैं।



## मिनियन्स से जुड़ी यादगार वस्तुओं का संग्रह

इस साल के अप्रैल के महीने में ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली लीजल बेनेके नामक महिला ने मिनियन्स से जुड़ी यादगार वस्तुओं का सबसे बड़ा संग्रह बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। बेनेके ने पिछले 15 सालों में 1,035 मिनियन्स से जुड़ी चीजों को एकत्र करके गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवाया है। उन्हें मिनियन्स इतने पसंद है कि उन्होंने एक मिनियन का टैटू भी बनवाया है और प्यार से लोग उन्हें 'मिनियम लेडी' कहते हैं।

## क्रॉक्स का सबसे बड़ा संग्रह

इस साल सितंबर में क्रॉक किंग के नाम से जाने वाले डूगी सैंडटाइगर ने 3500 से अधिक क्रॉक्स जूतों के संग्रह का विश्व रिकॉर्ड बनाया। सैडटाइगर ने इस संग्रह का कारण बताया कि उन्हें बचपन में जूतों के फीते बांधने नहीं आते थे तो वे उन्हें पसंद नहीं करते थे, लेकिन जब वे युवा हुए तो उन्हें स्किप-ऑन क्रॉक्स पसंद आने लगे और धीरे-धीरे उन्हें ये इतने पसंद आए कि उन्होंने हर तरह के क्रॉक्स एकत्र करना शुरू कर दिया।

## खिलौनों का सबसे बड़ा संग्रह

इस साल अक्टूबर में अमेरिका की यूट्यूबर केर्ची को उनके अनोखे पॉली पॉकेट के खिलौनों के संग्रह के लिए विश्व रिकॉर्ड का खिताब मिला है। केर्ची ने बताया कि उन्हें बचपन में ही इन खिलौनों से प्यार हो गया था और जब वह बड़ी हुई तो उन्होंने इंटरनेट पर खोजबीन करके 534 अलग-अलग पॉली पॉकेट खिलौनों का सबसे बड़ा संग्रह इकट्ठा करके गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया।

## 15,000 अंडे रखने वाले कपों का विश्व रिकॉर्ड

इस साल जुलाई में स्पेन की रहने वाली मारिया जोस फस्टर नामक महिला ने अंडे रखने वाले लगभग 15,000 कप जमा करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है। फस्टर पेशे से एक इतिहासकार हैं, लेकिन उनके शौक ने उन्हें पहचान दिलाई है। मरिया का संग्रह आधिकारिक तौर पर विश्वभर में 'अंडे के कपों का सबसे बड़ा संग्रह' घोषित हो गया है। उनके पास लगभग हर रंग और आकार वाला कप मौजूद है।

# न्यूयॉर्क में नीलाम हुई 400 साल पुरानी बाइबिल

**न्यूयार्क।** बाइबिल ईसाइयों का धार्मिक ग्रंथ है, जिसमें उनके धर्म के नियम, कहानियां, सिद्धांत, भविष्यवाणी और इतिहास लिखा है। हर साल 10 करोड़ से ज्यादा बाइबिल छापी और विश्व स्तर पर वितरित की जाती हैं। हालांकि, ऐतिहासिक बाइबिल खास महत्व रखती हैं और संग्राहक उनकी खोज में लगे रहते हैं। अब 400 साल पहले छापी गई एक बाइबिल की नीलामी हुई है, जो लाखों की कीमत पर बिकी है।

इस दुर्लभ बाइबिल को न्यूयॉर्क स्थित डगलबी स्टीफेंसन नाम के नीलामीघर ने बेचा है। नॉरफोक के पुरातन पुस्तक विक्रेता साइमन फिंच ने इसे खरीदा है और नया घर दिया है। यह 27 लाख रुपये से ज्यादा की कीमत पर नीलाम हुई है, जो इसकी अनुमानित कीमत से 5 गुना ज्यादा है।

## छोटी-सी गलती की वजह से खारिज हुई थी यह बाइबिल

इसको 'ही संस्करण' नाम से जाना जाता है, जिसका कारण है इसमें हुई गलत छपाई। डगलबी स्टीफेंसन की विशेषज्ञ कोरली थॉमसन ने कहा, बाइबिल का यह अंग्रेजी अनुवाद 1604 में राजा जेम्स द्वारा करवाया गया था और यह 7 साल की परियोजना थी, जिसमें देश के लगभग 50 प्रमुख विद्वान शामिल थे। इसे 1611 में छापा गया, जिसकी कुछ प्रतियों में 'शी' की जगह 'ही' छप गया। इन गलत छपाई वाली प्रतियों में से ही एक नीलाम हुई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com